# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

# जेल लोक अदालत में चार मामलों का निस्तारण

गोरखपुर (एसएनबी)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊके प्रपत्र के अनुपालन में एवं जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार मंगलवार को विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष जेल लोक अदालत हेतु नामित पीठासीन अधिकारी प्रभाष कुमार त्रिपाठी द्वारा कुल चार मामलों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में 20, 21 व 22 जुलाई को भी विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देवेन्द्र कुमार-द्वितीय, पूर्ण कालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोरखपुर द्वारा दी गई।

# दुष्कर्म के आरोपित को उम्र कैद

गोरखपुर (एसएनबी)। नावालिग वच्ची के साथ दुष्कर्म करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नवल किशोर सिंह ने वेलीपार थाना क्षेत्र के ग्राम मलाव निवासी अभियुक्त मनीष चौरसिया को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपया अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्रा का कहना था कि 12 जनवरी 2015 को शाम करीव 5.45 वजे वादिनी की नावालिग वच्ची शौच के लिए गई थी। सुनसान जगह देखकर अभियुक्त ने वादिनी के नावालिग वच्ची के साथ दुष्कर्म किया।

# लुटेरे के घर कुर्की की नोटिस

हरपुरबुदहट। लूट के आरोप में फरार चल रहे अभियुक्त के घर पर पुलिस ने कुर्की की नोटिस चस्पा कर न्यायालय हाजिर होने की चेतावनी दी। गोलू दुबे उर्फ गोविंद पुत्र कुलबुल उर्फ अवधेश दुबे निवासी सहुआपार थाना उरुआ वर्तमान पता ग्राम हाटा थाना गगहा पर लूट का केस दर्ज है। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी स्तर से 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी न होने और उसके द्वारा खुद को कोर्ट में सरेंडर न किए जाने से पुलिस ने कोर्ट से आदेश प्राप्त कर कुर्की की कार्रवाई की नोटिस चस्पा करायी है।

# दहेज हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बड़हलगंज। बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजवा दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र के तरैना पुल से दहेज हत्या के आरोपितों संगद पुत्र श्रीराम प्रजापति व श्रीराम पुत्र स्व. सोनम प्रजापति को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया गया। इनपर धारा 498ए, 304बी व 3/4डीपी एक्ट में केस दर्ज था। गुडवर्क टीम में एसआई ज्ञान प्रकाश शुक्ल व का. मनोज दुबे शामिल रहे।

# बड़े भाई को कैंची मारकर किया घायल, गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली क्षेत्र के भैसवली गांव में सोमवार देर रात पारिवारिक बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई, जिसमे छोटे भाई अरविंद कुमार पुत्र ईश्वर दत्त ने बड़े भाई पंकज को कैंची मारकर घायल कर दिया। घायल पंकज का इलाज कस्बे के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पंकज की पत्नी पूजा की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है।

# गला रेतकर फरार राजन शाही पर घोषित होगा इनाम

## बेलीपार इलाके में युवक का गला काटने का मामला

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों वेलीपार में कसिहार के पास युवक का गला काट कर हत्या का प्रयास करने वाले फरार आरोपी राजन शाही की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया जाएगा। वह गगहा के अहिरौली गांव का रहने वाला है। मंगलवार को एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने इनाम के लिए हरी झंडी दी है। एसएसपी ने कहा कि घायल युवक घटना के दो दिन बाद तक राजन शाही के खिलाफ तहरीर देने से बच रहा था। लेकिन मामला खुलने केवाद वह तैयार हुआ। पूरे मामले की तहकीकात करने को आदेश दिया गया है।

राजन शाही का राउतपार में ननिहाल में रहकर चलवाता था जेसीबी

आरोपी के डर से दो दिन बाद घायल युवक तहरीर देने पर हुआ था राजी

बेलीपार व रकहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार 16 जुलाई की रात वेलीपार के कसिहार के पास इन्द्रसेन यादव उर्फ रमेश यादव की गला काट कर आरोपी ने मरा समझ कर छोड़ दिया था। गंभीर रूप से घायल रमेश यादव को पुलिस की मदद से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया । मेडिकल कालेज के चिकित्सकों के अनुसार वह खतरे से वाहर है। युवक की गला काटने के वाद जव वेलीपार पुलिस ने घटना के वारे में पूछताछ की तो उसने वताया कि नौसढ़ के पास वह जिस वाइक सवार युवक की वाइक पर वैठकर गगहा जा रहा था। रास्ते में उसने ही हत्या की नीयत से उसका गला काट कर फरार हो गया।

पुलिस ने घायल युवक की वातों को दरकिनार कर जांच पड़ताल की तो पता चला कि इस पूरे कांड के पीछे उसके पत्नी की ही अहम भूमिका है। उसके मोवाइल कॉल डिटेल ने उसके मंसूवो को वेपर्दा कर दिया। पुलिस ने दूसरे दिन घायल को जानकारी दी तो उसने राजन शाही के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के वाद पुलिस ने राजन शाही व अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया।

राजन शाही की तलाश में वेलीपार पुलिस रावत पार पहुंची तो पता चला कि वह पास के गांव अहिरौली का रहने वाला है। राजन शाही जेसीवी व ट्रैक्टर ट्राली लेकर से मिट्टी की ढुलाई का काम करता है। निनिहाल में स्थित ईट भट्ठे पर रहने के दौरान ही उसका घायल रमेश के साले से संपर्क हुआ था। उसी के जरिये वह रमेश के घर तक पहुंचा था। राजन का दूसरा भाई शहर में जमीन का कारोवार करता है।

### आजकल में राजन शाही कोर्ट में कर सकता है सरेंडर

गगहा थाने के अहिरौली का रहने वाला राजन शाही हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहा है। चर्चा है कि राजन शाही आजकल में दीवानी कचहरी में कोर्ट में सरेंडर कर सकता है। उसे पता है कि पुलिस उसकी तलाश में उसके जानने वालों के वहां लगातार दविश दे रही है। उधर लोगों का कहना है कि राजन शाही की करतूत के वारे में राउतपार के लोगों को पहले से पता था। लेकिन इस वात की जानकारी किसी को नही थी कि रमेश के साले से दोस्ती कर उसके वहनोई की हत्या करने की वह तैयारी कर रहा है। घटना के वाद से ही वह जेसीवी छोड़ कर फरार है।

### राजन पर घोषित होगा इनाम : डॉ. गौरव ग्रोवर

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने वताया कि वेलीपार में रमेश यादव की गला काट कर हत्या करने का प्रसास करने वाला फरार आरोपी राजन शाही की तलाश में पुलिस जुटी है। राजन शाही फिलहाल अभी पुलिस पकड़ से दूर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए वहुत जल्द ही इनाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने वताया कि वेलीपार पुलिस से रिपोर्ट मांगी गयी है। आजकल में रिपोर्ट आते ही इनाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने वताया कि घटना के वाद से ही यह तय हो गया था कि जिस तरह वारदात को अंजाम दिया गया है उससे साफ था कि रमेश को जानने वाला ही इस तरह की घटना को अंजाम दे सकता है। घायल रमेश दो दिनों तक तहरीर देने से वच रहा था। राजन की गिरफ्तारी के वाद वहुत कुछ साफ हो जाएगा।

**आपरेशन एसएसपी**

# शिकायतकर्ता को अपमानित करने वाले होंगे सस्पेंड

## असुरन, मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी सस्पेंड, बरही चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

गोरखपुर (एसएनबी)। थाने और चौकी स्तर पर पीड़ितों की समस्याओं का समाधान करने की वजाए उनके साथ दुर्व्यहार की शिकायत मिलने पर पुलिसवालों के खिलाफ एक्शन तय है। मंगलवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने शिकायतकर्ताओं को अपामिनत और दुर्व्यहार करने के मामले में शाहपुर थाने के असुरन चौकी प्रभारी कुंवर गौरव सिंह और कैंट थाने के मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह को सस्पेंड कर दिया जवकि ,झगहा थाने के चौकी प्रभारी वरही विजय प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

मंगलवार को एसएसपी ने वताया कि मातहतों को दो टूक में संदेह दे दिया कि थाने और और चौकी पर पहुंचने वाले पीड़ितों के साथ यदि दुर्व्यहार की शिकायत मिली और जांच के दौरान सही पाया गया तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की शिकायत को सुनने के वाद यदि पुलिस लेवल का मामला है तो त्वरित निस्तारित किया जाए। यदि राजस्व विभाग से जुड़ा मामला है तो थाने स्तर से निस्तारित कराया जाए।



जिन चौकी प्रभारियों के खिलाफ एसएसपी ने एक्शन लिया है उनमे शाहपुर थाने के असुरन चौकी प्रभारी कुंवर गौरव सिंह पर आरोप है कि इलाके में ठेले पर सामान वेचने वालों से वसूली करते हैं। विरोध करने पर दुर्व्यहार करते है। इसे लेकर वहां के दुकानदारों में आक्रोश वढ़ गया था। गत दिनों भाजपा कार्यकार्ता ने इस मामले को लेकर एतराज जताया तो उसके साथ भी दुर्व्यहार की शिकायत एसएसपी को दी गयी थी। एसएसपी ने पूरे मामले की गोपनीय जांच करायी जिसके आधार पर असुरन चौकी प्रभारी को सस्पेंड कर दिया।

असुरन चौकी प्रभारी पर ठेले वालों से वसूली और अमानित करने का आरोप

मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी ने शिकायतकार्त को पीटा

बरही चौकी प्रभारी ने शिकायत सुनने की वजाए की वदसलूकी लाइन हाजिर

कैंट थाने के मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह पर आरोप है कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर पीड़ित जव चौकी पर पहुंच कर अपनी वात रखते है तो वह न्याय करने की वजाए पीड़ित को ही अपमानित करते है। एसएसपी ने वताया कि पिछले दिनों शिकायतकर्ता को चौकी पर भेजा गया जहां चौकी प्रभारी ने पीड़ित की पिटाई कर दी । शिकायत मिलने के वाद जांच करायी गयी तो जांच रिपोर्ट में शिकायतकर्ता की वात सामने आयी जिससे चौकी प्रभारी को सोमवार को निलम्वित कर दिया। दोनों चौकी प्रभारियों को सस्पेंड करने के वाद विभागीय जांच का आदेश दे दिया है।

झंगहा थाने के वरही इलाका का क्षेत्र देवरिया इलाके जुड़ा है। इलाके के लोगों ने पुलिस अफसरों से शिकायत दर्ज करायी थी कि चौकी पर पहुंचने के वाद पुलिस मामले की जानकारी किये विना चौकी से लौटा देती है। मामले की शिकायत मिलने पर एसएसपी ने सोमवार की रात चौकी प्रभारी वरही विजय प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

# पब्लिक से मिसबिहेव पर 3 दरोगा का छिना प्रभार

**मोहद्दीपुर चौकी इंचार्ज को किया सस्पेंड, बरही चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 July):** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने तीन दरोगाओं से उनका प्रभार छीन लिया गया. उन्होंने मोहद्दीपुर चौकी इंचार्ज रुद्र प्रताप सिंह को जहां सस्पेंड किया, वहीं झंगहा थाने के बरही चौकी इंचार्ज



विजय प्रताप सिंह को लाइन हाजिर कर दिया. जबकि असुरन चौकी इंचार्ज कुंवर गौरव सिंह को एसपी सिटी कार्यालय से अटैच कर दिया है. तीनों ही दरोगा पर पुलिस चौकी पर आए फरियादियों से दुर्व्यवहार करने का आरोप है.

### लड़की के भाई से की थी बदसलूकी

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के मुताबिक, कैंट थाने में एक लड़की के अपहरण का केस दर्ज है. आरोप है कि चौकी इंचार्ज मोहद्दीपुर रुद्र प्रताप सिंह ने लड़की को बरामद करने की जगह उसके भाई को बुलाकर उसके साथ बदसलूकी की है. पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की थी. एसएसपी ने गोपनीय जांच कराई और आरोप सही मिला. इसके बाद एसएसपी ने चौकी इंचार्ज को सस्पेंड करके विभागीय जांच के आदेश दे दिए हैं. इसी तरह बरही चौकी इंचार्ज विजय प्रताप सिंह पर एक व्यक्ति ने पिटाई के आरोप लगाए थे. आरोप था कि मारपीट होने पर उसे चौकी में लाकर पीटा गया था. आरोप सही पाए जाने पर उन्हें लाइन हाजिर कर दिया.

### ठेले वालों को पीटना पड़ा महंगा

दूसरी तरफ, असुरन चौकी इंचार्ज रहे कुंवर गौरव सिंह पर ठेले वालों ने पिटाई करने का आरोप लगाया था. इसी बीच एक भाजपा नेता ने भी बदसलूकी करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की थी. जांच में मामला सही पाया गया तो चौकी इंचार्जी छीनकर उन्हें एसपी सिटी ऑफिस से संबद्ध कर दिया गया.

# पशु तस्कर से मुठभेड़ 1 आरोपित हुआ अरेस्ट



**पिकअप व बोलेरो से आए थे तस्कर, तीन बछड़ों को लेकर हो गए फरार**

gorakhpur@inext.co.in

**PIPRAICH (19 July):** जिलेभर के लिए सिरदर्द बन चुके पशु तस्करों को सोमवार की रात पिपराइच थाना क्षेत्र के रसूलपुर के ग्रामीणों ने खूब छकाया. घंटेभर ग्रामीणों व पशु तस्करों के बीच संघर्ष हुआ. इससे वह अपनी बोलेरो मौके पर छोड़ भाग निकले. ग्रामीणों के हमले में तस्करों की पिकअप का शीशा टूट गया है, लेकिन रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए वे मौके से तीन बछड़ों को लेकर फरार हो गए. पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है.

## लादकर ले जा रहे थे गोवंश

रसूलपुर के ग्रामीण सोमवार की रात में गांव के काली मंदिर पर वर्षा के लिए कीर्तन कर रहे थे. इस दौरान ग्रामीणों को सूचना मिली कि गांव स्थित सोनबरसा निवासी रमेश सिंह व नंदलाल सिंह के भट्ठे पर पशु तस्कर मौजूद हैं. वह गोवंशियों को लादकर कहीं ले जाने वाले हैं. सभी ग्रामीण भट्ठे पर पहुंच गए. इस दौरान तस्कर तीन बछड़ों को पिकअप में लाद चुके थे. बोलेरो में भी जानवर लादने की तैयारी थी. ग्रामीणों को देखते ही तस्करों ने पथराव शुरू कर दिया.

## ग्रामीणों ने दिया जवाब

ग्रामीणों पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की. ग्रामीणों ने भी तस्करों पर पथराव शुरू कर दिया. दोनों के बीच करीब घंटेभर संघर्ष चला. इसमें तस्करों की पिकअप का शीशा भी टूट गया. खुद को कमजोर पड़ता देख तस्कर बोलेरो को छोड़ पैदल ही भाग निकले. इस बीच गांव के राजमन चौरसिया को पुलिस ने दबोच लिया. पुलिस को बोलेरो में एक रजिस्टर भी मिला है. राजमन की सूचना पर पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया है.

## पुलिस पर भी कई बार पथराव कर चुके हैं तस्कर

तस्करों पर हाथ डालने से जिले की पुलिस भी घबराती है. कई बार वह पुलिस पर ही हमला कर चुके हैं. ऐसे में ग्रामीणों की बहादुरी की लोगों में खूब चर्चा है.

**"आरोपित से पूछताछ में तमाम अहम जानकारियां मिली हैं. कुछ आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए टीम कुशीनगर रवाना हुई है. उम्मीद है कि पशु तस्करों का बड़ा गिरोह पुलिस की गिरफ्त में होगा. ग्राम प्रधान उमेश कन्नौजिया की तहरीर पर राजमन चौरसिया, मथुरा निवासी मोहन व बोलेरो मालिक कुशीनगर का किशोर यादव सहित सात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है.**

**मनोज कुमार अवस्थी,**
एसपी नार्थ

# दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपित पर केस

गोरखपुर। दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपित पर मंगलवार सुबह गुलरिहा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित के थाने पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद से ही आरोपित घर छोड़कर फरार है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गांव का युवक शादी का झांसा देकर चार साल से शारीरिक शोषण कर रहा था। दो बार उसने गर्भपात भी करवा दिया।

# घर में घुसे प्रेमी को परिजनों ने पीट कर पुलिस को सौंपा

सहजनवा। गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव में सोमवार रात में युवती के कमरे में घुसे युवक को परिजनों ने पकड़ लिया और धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। युवती और युवक दोनों नाबालिग बताये जा रहे हैं। पुलिस ने दोनों के परिवारीजनों को बुलाकर समझौता करा दिया।

# मां ने मासूम बच्ची को गर्म चाकू से दागा, केस दर्ज

सहजनवा (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद। गोरखपुर के सहजनवा क्षेत्र में एक मां ने अपनी पांच साल की बच्ची को चाकू गर्म कर 17 जगह दाग दिया। मासूम की बस यही गलती थी कि उसने स्कूल जाने से मना कर दिया था। बच्ची के पिता ने बेटी के साथ थाने पहुंचकर अपनी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपित मां को गिरफ्तार कर लिया है।

संतकबीरनगर जिले की एक गांव की रहने वाली युवती अपने परिवारीजनों के साथ पिपरौली में रहती थी। कालेसर निवासी राहुल से उसने प्रेम विवाह किया। इस शादी से परिवारीजन खुश नहीं थे लिहाजा वह पत्नी कंचन के साथ अलग रहता था। राहुल के मुताबिक मंगलवार की सुबह वह काम पर गया था। उसकी पांच साल की बेटी स्कूल नहीं जा रही थी। इससे नाराज होकर उसकी मां ने गैस चूल्हे पर चाकू गर्म कर बच्ची के हाथ और पैर में लगभग 17 जगह जला दिया। इससे बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी पर राहुल घर पहुंचा और बच्ची को लेकर गीडा थाने जाकर अपनी पत्नी कंचन के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी ने कई बार इसी तरह से बच्ची को दागा है पर हर बार समझाकर वह चुप हो गया। लेकिन इस बार जब उसने हद कर दी तब पुलिस में शिकायत करनी पड़ी। प्रभारी निरीक्षक गीडा राहुल सिंह ने बताया कि कंचन के खिलाफ धारा 324 के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

- हाथ और पैर में 17 जगहों पर दागा, पति की तहरीर पर महिला गिरफ्तार
- पहले भी बच्ची पर जुल्म कर चुकी थी मां, अति होने पर पति ने दर्ज कराया



स्कूल नहीं जाने पर मां ने अपनी मासूम बेटी के साथ क्रूरता की।

# युवक की संदिग्ध हालात में मौत, जांच

चिलुआताल। चिलुआताल क्षेत्र के नूरुद्दीनचक में सोमवार रात करीब 11 बजे के आसपास शराब के नशे में पड़ा युवक सुबह मृत हाल में मिला। नूरुद्दीनचक निवासी सुनील ने पुलिस को एक लिखित सूचना देकर बताया गया कि मेरा बड़ा भाई दीपू चौहान (28) सोमवार की रात लगभग 11 बजे नशे में धुत हालत में घर आया और सो गया सुबह जब परिवारीजन जगाने का प्रयास किए तो वह मृत हाल में मिला।

# बड़े भाई को कैंची मारकर किया घायल, गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली क्षेत्र के भैसवली गांव में सोमवार देर रात पारिवारिक बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई, जिसमे छोटे भाई अरविंद पुत्र ईश्वर दत्त ने बड़े भाई पंकज को कैंची मारकर घायल कर दिया। घायल पंकज का इलाज कस्बे के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पंकज की पत्नी पूजा की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर अरविंद को गिरफ्तार कर लिया है।

# दहेज हत्या के आरोपितों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बड़हलगंज। बड़हलगंज क्षेत्र के नेवादा गांव की विवाहिता की मौत सोमवार सुबह कस्बे के एक निजी अस्पताल में हो गई थी। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में दहेज हत्या के आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि मंगलवार को क्षेत्र के तरैना पुल से दहेज हत्या के आरोपितों संगद प्रजापति पुत्र श्रीराम प्रजापति व श्रीराम पुत्र स्व. सोनम प्रजापति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दुष्कर्म के आरोपित को आजीवन कारावास

**गोरखपुर** : नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना के ग्राम मलांव निवासी अभियुक्त मनीष चौरसिया को आजीवन कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**जासं, चिलुआताल** : रिश्तेदारी में आए युवक ने शादी करने का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। शादी करने का दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित की शिकायत पर दुष्कर्म व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर चिलुआताल थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। युवती का आरोप है कि घर के बगल में युवक की रिश्तेदारी है। 2020 में उससे जान पहचान बढ़ने के बाद फोन पर बातचीत व मिलना शुरू हो गया। शादी का झांसा देकर युवक ने संबंध बना लिया। उसने कई बार दुष्कर्म किया। एक सप्ताह पहले उसने शादी करने का दबाव बनाया तो जान से मारने की धमकी देने लगा।

चिलुआताल थाना पुलिस ने दुष्कर्म व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मंगलवार की सुबह मीरपुर गांव के रहने वाले अखिलेश सिंह उर्फ गोलू को सिंहोरवा के पास गिरफ्तार कर लिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपित को सात साल का कठोर कारावास

**गोरखपुर :** नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोप सिद्ध पाए जाने पर विशेष न्यायाधीश पाक्सो रोहित सिंह ने चौरी चौरा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरी टोला बदुरहिया निवासी अभियुक्त रिशु गुप्ता को सात साल के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि 22 जून 2018 को रात करीब 12 बजे अभियुक्त वादिनी की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर गोरखपुर भगा ले गया।

# ग्रामीण डटे तो भागे तस्कर

## पिकअप व बोलेरो से आए थे पशु तस्कर, एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पिपराइच :** जिलेभर के लिए सिरदर्द बन चुके पशु तस्करों को सोमवार की रात पिपराइच थाना क्षेत्र के रसूलपुर के ग्रामीणों ने खूब छकाया। घंटेभर ग्रामीणों व पशु तस्करों के बीच संघर्ष हुआ। इससे वह अपनी बोलेरो मौके पर छोड़ भाग निकले। ग्रामीणों के हमले में तस्करों की पिकअप का शीशा टूट गया है, लेकिन रात के अंधेरे का लाभ उठाते हुए वे मौके से तीन बछड़ों को लेकर फरार हो गए। पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया है।

रसूलपुर के ग्रामीण सोमवार की रात में गांव के काली मंदिर पर वर्षा के लिए कीर्तन कर रहे थे। इस दौरान ग्रामीणों को सूचना मिली कि गांव स्थित सोनबरसा निवासी रमेश सिंह व नंदलाल सिंह के भट्ठे पर पशु तस्कर मौजूद हैं। वह गोवंशियों को लादकर कहीं ले जाने वाले हैं। सभी ग्रामीण भट्ठे पर पहुंच गए। इस दौरान तस्कर तीन बछड़ों को पिकअप में लाद चुके थे। बोलेरो में भी जानवर लादने की तैयारी थी। ग्रामीणों को देखते ही तस्करों ने पथराव शुरू कर दिया। ग्रामीणों पर वाहन चढ़ाने की कोशिश की। ग्रामीणों ने भी तस्करों पर पथराव शुरू कर दिया। दोनों के बीच करीब घंटेभर संघर्ष चला। इसमें तस्करों की पिकअप का शीशा भी टूट गया। खुद को कमजोर पड़ता देख तस्कर बोलेरो को छोड़ पैदल ही भाग निकले। इस बीच गांव के राजमन चौरसिया को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस को बोलेरो में एक रजिस्टर भी मिला है। राजमन की सूचना पर पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया है।

### पुलिस पर भी कई बार पथराव कर चुके हैं तस्कर

तस्करों पर हाथ डालने से जिले की पुलिस भी घबराती है। कई बार वह पुलिस पर ही हमला कर चुके हैं। ऐसे में ग्रामीणों की बहादुरी की लोगों में खूब चर्चा है।

- **पथराव में टूटा पिकअप का शीशा**
- **एक आरोपित गिरफ्तार**

> आरोपित से पूछताछ में तमाम अहम जानकारियां मिली हैं। कुछ आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए टीम कुशीनगर रवाना हुई है। उम्मीद है कि पशु तस्करों का बड़ा गिरोह पुलिस की गिरफ्त में होगा। ग्राम प्रधान उमेश कन्नौजिया की तहरीर पर राजमन चौरसिया, मथुरा निवासी मोहन व बोलेरो मालिक कुशीनगर का किशोर यादव सहित सात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।
>
> **मनोज कुमार अवस्थी**, एसपी नार्थ



सहजनवां थाने में जनसुनवाई रजिस्टर देखते एसएसपी गौरव ग्रोवर • जागरण

# एसएसपी ने जानी थाने की हकीकत

**जासं, सहजनवां** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार की रात को फरियादियों के माध्यम से सहजनवां, गीडा और सिकरीगंज थाने की हकीकत जांची। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों को कमियों को ठीक करने की हिदायत दी।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर मंगलवार की रात करीब आठ बजे गीडा थाने पर पहुंचे। थाने का निरीक्षण करने के बाद जन सुनवाई के रजिस्टर का निरीक्षण किया। तैनात पुलिस कर्मियों को जनता के साथ बेहतर तरीके से पेश आने तथा शिकायत का निस्तारण तत्काल कराने का निर्देश दिए। लंबित मुकदमों के जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। सहजनवां थाने के निरीक्षण के दौरान रजिस्टर से दो फरियादियों के नंबर लिए। पाली ब्लाक के डोहरिया कला निवासी संदीप गौंड पुत्र उदयभान से बात कर पुलिस की कार्रवाई कर बारे में पूछताछ की। इसके अलावा पाली ब्लाक के रामडीह तोरनी निवासी संजू देवी पत्नी मनोज यादव से एसएसपी ने पुलिस के संबंध में फीडबैक लिया। फरियादियों से पुलिस के प्रति सहयोग और न्याय मिलने की जवाब पर वह संतुष्ट दिखे। इससे पूर्व एसएसपी ने सिकरीगंज थाने का भी निरीक्षण किया। सहजनवां थाने में प्रभारी निरीक्षक अंजुल कुमार चतुर्वेदी, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपित पर मुकदमा

**जासं. गोरखपुर :** दुष्कर्म व गर्भपात कराने के आरोपित पर मंगलवार की सुबह गुलरिहा थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। पीड़ित के थाने पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद से आरोपित घर से फरार है। युवती ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि गांव का युवक शादी का झांसा देकर चार साल से शारीरिक शोषण कर रहा था। आरोपित अखिलेश निषाद की गुलरिहा थाना पुलिस तलाश कर रही है।

# दुकान से गहने ले भागी महिलाएं, सीसी कैमरे में कैद हुई करतूत

**जासं. टिकरिया :** महराजगंज चौराहा स्थित ज्वेलरी की दुकान से मंगलवार की दोपहर दो महिलाएं सोने की कील व नथुनी लेकर फरार हो गईं। उनकी करतूत दुकान में लगे सीसी कैमरे में कैद हो गई। फुटेज की मदद से गुलरिहा थाना पुलिस आरोपित महिलाओं की तलाश कर रही है।

पिपराइच थाना क्षेत्र के बैलों निवासी जितेंद्र वर्मा की महराजगंज चौराहा पर मां लक्ष्मी ज्वेलरी शाप के नाम से दुकान है। मंगलवार को दुकान पर जितेंद्र का साला आकाश बैठा था। दोपहर में पहुंची दो महिलाएं सोने की कील व नथुनी देखने लगीं।

कुछ देर बाद यह कहते हुए दुकान से निकल गई कि गहने ठीक नहीं हैं। उनके जाने पर आकाश ने डिब्बा चेक किया, तो सोने की दो कील व एक नथिया गायब थी। पुलिस का दावा है कि महिलाएं जल्द ही गिरफ्त में होंगी।

# स्कूल पहुंच बसों की फिटनेस जांच रही टीम

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर** : स्कूल बसों की फिटनेस को लेकर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। संभागीय परिवहन अधिकारी अनीता सिंह और पुलिस अधीक्षक यातायात डा.महेंद्र पाल सिंह की संयुक्त टीम ने मंगलवार को विद्यालयों में पहुंचकर वाहनों की जांच की। अभियान लगातार चलता रहेगा। अनफिट स्कूल वाहनों को लेकर दैनिक जागरण ने अभियान चलाया है। एक जुलाई के अंक में फर्राटा भर रहे 665 पंजीकृत स्कूल वाहन शीर्षक से खबर प्रकाशित कर अभियान की शुरुआत की थी।

आरटीओ के अनुसार जीडी गोयनका स्कूल खोराबार में 13 बसें मानक के विपरीत पाई गईं। हालांकि बच्चों की संख्या कम होने के चलते यह बसें सड़क पर नहीं चल रही हैं। इसके बावजूद प्रधानाचार्य और निदेशक को बसों की यथाशीघ्र फिटनेस जांच कराने के लिए निर्देशित किया गया।



स्कूल प्रबंधन और चालकों के साथ यातायात के नियमों पर चर्चा करतीं आरटीओ अनीता सिंह और एसपी ट्रैफिक डा. महेंद्र पाल सिंह ● जागरण

**जागरण प्रभाव**

इस दौरान चालकों को यातायात के नियमों से अवगत कराया गया। आंखों की जांच कराने पर बल दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बीके सिंह की टीम ने भी हालमार्क वर्ल्ड स्कूल और मेट्रोपोलिटन स्कूल के वाहनों की जांच की।

टीम ने अनफिट वाहनों की जांच कराने के लिए दो सप्ताह का समय दिया। चेतावनी दी कि बिना फिटनेस के बसों के संचालन पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यात्री कर अधिकारी रवि चंद त्यागी ने भी यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकेडमी स्कूल, सेंट आरएस एकेडमी स्कूल और देव मेमोरियल स्कूल के वाहनों की फिटनेस जांची। जनपद में पंजीकृत 2062 में अभी भी 665 स्कूल वाहन अनफिट हैं। जो फिट वाहन सड़कों पर दौड़ रहे हैं, वे भी शासन के निर्धारित मानक को पूरा नहीं कर रहे हैं।

# घर में घुसे किशोर को स्वजन ने पीटा, पुलिस को सौंपा

पिपरौली : गीडा थाना क्षेत्र में सोमवार की रात घर में घुसे एक किशोर की स्वजन ने जमकर धुनाई की और उसे पुलिस को सौंप दिया। ग्रामीणों के मुताबिक किशोर घर में अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए पहुंचा था। प्रेमिका भी नाबालिग है। घरवालों ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो उन्होंने किशोर की धुनाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है। किसी पक्ष से कोई तहरीर नहीं मिली है।

# महिला की मौत, पुलिस ने अंतिम संस्कार रोका

गोरखपुर। बेलघाट इलाके के एकौना बुजुर्ग गांव निवासी बलजीत की पत्नी प्रियंका यादव (36) की सोमवार रात मौत हो गई। परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी में थे, तभी मायके वालों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मौत की वजह जानने के लिए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रियंका पति और दो बेटों के साथ कुरी बाजार में किराए के मकान में रहती थी। पति सफाई कर्मचारी है। पति के अनुसार, प्रियंका को रविवार को सांप डस लिया था, उन्हें इलाज के लिए कई जगह ले जाया गया, लेकिन सोमवार रात मौत हो गई। ब्यूरो

# जेवर चोरी करतीं दो महिलाएं सीसीटीवी कैमरे में हुईं कैद

अमर उजाला ब्यूरो

### दुकान में लगे कैमरे की फुटेज की मदद से पुलिस कर रही जांच

सरहरी। गुलरिहा इलाके के महराजगंज चौराहे पर स्थित सोने-चांदी की दुकान से मंगलवार को गहने चोरी का मामला सामने आया है। सीसीटीवी कैमरे में दो महिलाएं चोरी करती नजर आ रही हैं। पुलिस कैमरे की मदद से मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच के बैलों गांव निवासी जितेंद्र वर्मा की महराजगंज चौराहे पर सोने-चांदी की दुकान है। जितेंद्र इस समय जम्मू गए थे, उनका साला अजय दुकान की देखरेख कर रहा है। मंगलवार को अजय दुकान पर था कि तभी दो महिलाएं आईं और कील व नथुनी देखने लगीं। थोड़ी देर बाद पसंद न होने की बात कहकर दूसरा दिखाने को बोलीं। जब तक अजय गहने गिनकर दूसरा दिखाता, महिलाएं दुकान से चली गईं। अजय ने देखा कि सोने की दो कील और एक नथिया गायब था। अजय ने महिलाओं की खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला।

उधर, चोरी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सरहरी चौकी प्रभारी सुदेश कुमार शर्मा ने बताया कि चोरी की कोई सूचना नहीं मिली है, वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# प्रेमी पर दर्ज कराया दुष्कर्म व गर्भपात का केस

गुलरिहा। इलाके के एक गांव की युवती ने प्रेमी पर दुष्कर्म व गर्भपात कराने का केस दर्ज कराया है। सोमवार को पुलिस को दी तहरीर में युवती ने लिखा है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाया और गर्भ ठहरने पर गर्भपात करा दिया। अब शादी से भी इनकार कर रहा है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

# ईंट भट्ठे की आड़ में होती थी पशु तस्करी

अमर उजाला ब्यूरो

## ग्राम प्रधान की मदद से पिपराइच पुलिस ने की कार्रवाई एक गिरफ्तार

**पिपराइच (गोरखपुर)।** इलाके के रसूलपुर में ईंट भट्ठे की आड़ में पशु तस्करी करने का बड़ा मामला सोमवार रात में सामने आया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया। मौके से एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया। पूछताछ के आधार पर पुलिस की एक टीम पशु तस्करों की तलाश में बिहार रवाना हो गई है।

पकड़ा गया आरोपी रामजन चौरसिया, फरार मथुरा निवासी मोहन, कुशीनगर जिले का किशोर यादव व 10 से 20 अज्ञात लोगों पर हत्या की कोशिश, मारपीट, 7 सीएलएस, पशु तस्करी अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

पिपराइच के रसूलपुर में ईंट भट्ठा है। यहां पर मजदूर और ढुलाई का ठेका मथुरा निवासी मोहन ने लिया है। इसी बहाने वह यहां से रात में मथुरा से पशुओं को लाकर तस्करी कराता है। इसकी भनक प्रधान उमेश कन्नौजिया को लग गई थी।

सोमवार रात गांव में बारिश होने के लिए कीर्तन-भजन का आयोजन किया गया था। तभी प्रधान को सूचना मिली कि ईंट भट्ठे पर तस्कर आए हैं। गांव के 15-20 लोगों के साथ प्रधान भट्ठे पर पहुंच गए और पुलिस को भी सूचना दिए। प्रधान ने ग्रामीणों की मदद से ईंट भट्ठे की घेराबंदी की तो पिकअप सवार ने एक ग्रामीण पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की।

ग्रामीण ने भाग कर जान बचाई, लेकिन उसकी साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई। तस्करों ने ग्रामीणों पर पथराव भी किया। इसके बाद पिकअप सवार तस्कर फरार हो गए। तभी एक चार पहिया में बैठकर तीन लोग भागने की कोशिश किए, जिन पर गांव वालों ने पथराव कर दिया। अपने को घिरा देख तस्कर चार पहिया वाहन कुछ दूरी पर छोड़कर भागने में सफल हो गए।

पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में ले लिया और वहीं पर दुकान चलाने वाले रामजन को हिरासत में लेकर थाने लाई। एसपी नार्थ ने बताया कि घटना का पर्दाफाश होगा।

# नाबालिग से दुष्कर्म में सश्रम उम्र कैद

## करीब सात साल पहले बेलीपार इलाके में हुई थी घटना, न्यायालय ने सुनाया फैसला

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। 11 साल की बच्ची से दुष्कर्म का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना ठोंका है।

विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने बेलीपार थाना क्षेत्र निवासी मनीष चौरसिया को सजा सुनाई है।

जुर्माना न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कारावास भुगतनी होगी। जुर्माना जमा करने पर आधी धनराशि पीड़िता को दी जाएगी।

### दुष्कर्म के अभियुक्त को सात साल की कैद

गोरखपुर। नाबालिग से दुष्कर्म करने का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर कोर्ट ने अभियुक्त रिशु गुप्ता को सात साल की कैद व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कोर्ट रोहित सिंह ने साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई और कहा कि अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि 22 जून 2018 की रात करीब 12 बजे अभियुक्त वादिनी की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर कर गोरखपुर भगा लगाया और उससे दुष्कर्म किया था। ब्यूरो

कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमेश मिश्र और राघवेंद्र त्रिपाठी का कहना था कि घटना 12 जनवरी 2015 की शाम 5:45 बजे की है। पीड़िता की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे एक

### ग्रामीणों ने आरोपी को मौके पर ही पकड़कर पुलिस के हवाले किया था

ग्रामीण ने आरोपी को घटनास्थल पर ही पकड़ कर थाने को सुपुर्द कर दिया था। गंभीर दशा में पीड़िता को घटनास्थल से चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाया गया। कोर्ट में अभियुक्त ने जुर्म से इंकार किया और रंजिशन फंसाने की बात कही।

कोर्ट ने विचारण के दौरान पत्रावली पर उपलब्ध सबूतों के आधार पर अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# स्कूल जाने से मना किया तो बेटी को गर्म चाकू से दागा

## पिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया केस, हिरासत में आरोपी मां

अमर उजाला ब्यूरो

गीडा (गोरखपुर)। पांच वर्ष की मासूम ने मंगलवार को स्कूल जाने से मना किया तो नाराज मां ने चाकू गर्म करके कई जगह दाग दिया।

पिता की शिकायत पर पुलिस ने मां के खिलाफ केस दर्ज किया है। गीडा पुलिस ने नुकीले व धारदार हथियार से हमले का केस दर्ज करके आरोपी मां को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने बताया कि छोटा कालेसर निवासी राहुल ने दी गई

### पांच साल की बच्ची चीखते हुए पड़ोसी के घर भागी, लेकिन मां ने पीछा नहीं छोड़ा

तहरीर में लिखा है कि परिवार में पत्नी व दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी की उम्र पांच वर्ष व छोटी बेटी करीब दो वर्ष की है।

मंगलवार सुबह बड़ी बेटी स्कूल जाने से मना कर रही थी। जिद की और कहा कि स्कूल जाने का मन नहीं है। इससे नाराज होकर ही पत्नी कंचन ने चाकू गर्म किया और बड़ी बेटी के शरीर पर कई जगह दाग दिया। बच्ची चीखते हुए पड़ोसी के घर भागी, लेकिन मां ने पीछा नहीं छोड़ा।

पड़ोसी के घर से मासूम को पकड़कर ले आई और गर्म चाकू से दागती रही। इस घटना को जिस किसी ने भी देखा, परेशान हो गया।

आसपास के लोगों का कहना है कि मासूम से इस तरह की क्रूरता ठीक नहीं है। गीडा के थाना प्रभारी राहुल सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

# चेन छिनने वाले दो बदमाश गिरफ्तार, गये जेल

**देवरिया(एसएनबी)**। महिला का चेन उड़ा कर भाग रहे दो बदमाशों को सदर कोतवाली पुलिस ने कसया ढाला के समीप दबोच लिया। पुलिस की तलाशी में लेने पर उनके पास से एक सोने की चेन बरामद हुई। दोनों बदमाश बिहार के सिवान जिले के निवासी ह। पुलिस ने पीड़ित महिला के बेटे की तहरीर पर अज्ञात चोरो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया । शहर कोतवाल अनूप सिंह ने बताया किसदर कोतवाली क्षेत्र के भीखमपुर रोड की रहने वाली प्रेमलता कनोडिया पत्नी स्व विश्वनाथ कनोडिया कल सोमवार की सुबह घर से निकल कर सड़क पर पर टहल रही थी। वह भीखमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप जा रही थी। इसी बीच बाइक से दो युवक मौके पर पहुंचे और महिला के गले से सोने की चेन और लकेट लूट कर भागने लगे। पीड़िता के बेटे संजीव कनोडिया की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। चेन लूट की सूचना पर सदर कोतवाली पुलिस को मिली। पुलिस सक्रिय होकर वाहन चेकिंग करने लगी। सदर कोतवाली के गरुणपार पुलिस चौकी की प्रभारी सरोजनी वर्मा ने कसया रेलवे ढाला के समीप से बाइक सवार दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का एक कटा हुआ सोने का चेन बरामद हुआ। पुलिस की पूछताछ में चोरों ने अपना नाम अंगद शाह पुत्र दद्दन शाह निवासी पुरानी किला थाना टाउन जिला सीवान, ताजू खान पुत्र फाजील खान निवासी शेख मोहल्ला थाना टाउन जिला सीवान बताया। चोरों ने पुलिस को बताया कि वह शहर के एक होटल में रुक कर सुबह बाइक से निकल कर रेकी करते थे। जहां एकांत मिलने पर महिलाओं के गले से चेन छिन लेते थे। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों चोरों को न्यायालय भेज दिया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

राष्ट्रीय सहारा 20/7/22

राष्ट्रीय सहारा 20/7/22

# मारपीट में एक दर्जन पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)**। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर तुलसीपुर में बच्चों-बच्चों के विवाद को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने वादी उर्मिला निषाद पत्नी रामसूरत के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी मनोज पुत्र मोती, तारा देवी पत्नी मनोज निषाद के खिलाफ मारपीट की धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के ग्राम नकटापार के टोला रड़वार में बच्चों-बच्चों के विवाद को लेकर हुए मारपीट में पुलिस ने वादी सुशीला देवी पत्नी रामसनेही निषाद के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी पंकज, छांगुर पुत्र गण स्व. रामप्यारे, विमली देवी पत्नी रामा निषाद, संजू पत्नी गंगासागर के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं उपनगर के नशहरा वार्ड में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुए विवाद को लेकर मारपीट हुई, जिसमें पुलिस ने वादी रामउग्रह पाण्डेय पुत्र कपूर पाण्डेय के तहरीर पर उक्त वार्ड निवासी रोशन, आयुष पाण्डेय पुत्र गण राधेश्याम पाण्डेय, राधेश्याम पुत्र सीताराम पाण्डेय के खिलाफ धारा 323, 506, 427 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

राष्ट्रीय सहारा दि० 20.7.22

# गैंगस्टर एक्ट का ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया(एसएनबी)**। रामपुर कारखाना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। रामपुर कारख़ाना के थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम व गैंगेस्टर एक्ट के वांछित 25 हजार के ईनामी अभियुक्त सोहराब पुत्र दिलशेर अली साकिन करमईनी थाना बिलरियागंज जनपद आजमगढ़ को मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को पाण्डेयचक चौराहा से आगे बैतालपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त धारा 3/5 ए/ 8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम तथा भादवि की धारा 279/427/ 429 के अलावा गैंगैस्टर एक्ट में वांछित चल रहा थो।

हिन्दुस्तान दि० 20-7-22

# धमकी देने वाले पूर्व प्रधान पर केस

विशनपुरा बाजार। प्रधानाचार्य को कालेज परिसर में घुसकर धमकी देने वाले पूर्व प्रधान पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

विशनपुरा बाजार स्थित महंथ त्रिवेणी पर्वत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शशि शेखर मिश्र विद्यालय परिसर में आवश्यक कार्य को संपादित कर रहे थे। आरोप है कि उसी दौरान मस्जिदिया गांव के पूर्व प्रधान रमाशंकर कुशवाहा विद्यालय में घुसकर प्रधानाचार्य को अपशब्द बोलने लगा। प्रधानाचार्य के विरोध करने पर वह मारने पीटने पर उतारू हो गया। शिक्षकों ने बीच-बचाव किए। वापस जाने के दौरान शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर को फाड़ दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। प्रधानाचार्य ने आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी। पुलिस ने पूर्व प्रधान पर केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि०-20-7-22

# चोरों के गिरोह पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई

देवरिया,निज संवाददाता। गिरोह बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले पांच चोरों पर गौरीबाजार पुलिस ने गैंगेस्टर की कार्रवाई की है। चोरों ने दो माह पूर्व बरारी गांव में सुगरमील के जीएम के घर से डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी गिरोह के सदस्यों ने किया था। पुलिस टीम ने सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गैंगेस्टर के चारों आरोपी जिला कारागार में बंद है।

गौरीबाजार के बरारी गांव में अप्रैल माह 2022 में रिटायर्ड जीएम के घर चोरों ने डेढ़ करोड़ रुपये का चोरी किया था। जिसमें पुलिस ने चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।गौरीबाजार के थानेदार विपिन मलिक ने गिरोह बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्यों पर गैंगेस्टर की कार्रवाई के लिए एसपी से अनुमति मांगी। एसपी ने गिरोह के सदस्यों द्वारा सीतापुर से आकर देवरिया जिले में चोरी की घटना करने वाले चोरों के विरुद्ध गैंगेस्टर की कार्यवाई की अनुमति दिया था। गौरीबाजार के थानेदार विपिन मलिक ने सोमवार को थाने में बाबूराम चौहान पुत्र रामसहाय पुत्र खपुरा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर, राजा राम चौहान निवासी विसवा खुर्द थाना तम्बीर जिला सीतापुर, सोनेलाल उर्फ सोनू चौहान निवासी कुटी सुपौली मौजा लोनियन पूरवा थाना लहरपुर जिला सीतापुर, सुखबीर कुमार उर्फ हया चौहान निवासी खपुरा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर और सुनीला कुमार निवासी खपुरा थाना लहरपुर सीतापुर के विरुद्ध गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज किया।

हिन्दुस्तान दि० 20-7-22

# चोरी कर रहे दो युवकों को पकड़ पुलिस को सौंपा

- बघौचघाट थाना क्षेत्र के बिंदही गांव का मामला
- आरोपी चोरों का कोर्ट ने चालान कर दिया

देवरिया, निज संवाददाता। घर में घुसकर सोमवार की रात चोरी करते समय परिजनों ने दो चोरों को रंगे हाथ पकड़ कर धुनाई कर दी। सूचना पर पहुंची बघौचघाट पुलिस को लोगों ने चोरों को सौंप दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी चोरों को कोर्ट चालान कर दिया।

बघौचघाट थाना क्षेत्र के बिंदही गांव के रहने वाले गोलू अपने कमरे में सो रहा था। देर रात चोरों ने कमरे में घुसकर दो एंड्राइड मोबाइल सेट समेत हजार रुपए चुरा लिए। इसी बीच गोलू की नींद टूट गई और शोर मचाने लगा। शोर सुनकर परिजन भी जाग गए। ग्रामीणों ने चोरों को दौड़ाकर पकड़ने के बाद उसकी धुनाई करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरो को थाने ले गई। तलाशी में चोरों के पास से चोरी की 6 एंड्राइड मोबाइल सेट, जेवरात और नगदी बरामद हुआ। पीड़ित गोलू ने घटना की तहरीर पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले में आरोपी आकाश मद्धेशिया निवासी गोबरही थाना कोतवाली अमरजीत गुप्ता एवं प्रदीप राजभर निवासी पथरदेवा थाना तरकुलवा के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

हिन्दुस्तान दि० -20-7-22

# मोबाइल चुराने वालों को भेजा जेल

**पथरदेवा।** मंगलवार को बघौचघाट पुलिस ने तीन युवकों को चोरी के आधे दर्जन मोबाइलों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपितों में सदर कोतवाली क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी आकाश मद्धेशिया, तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा कस्बा निवासी अमरजीत गुप्ता व प्रदीप शामिल है।

हिन्दुस्तान दि॰-20-7-22

# कसया ढाले से दो चेन स्नेचर गिरफ्तार, जेल

- शहर के भीखमपुर के रहने वाली महिला की चेन उड़ाई थी
- महिला के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया था केस

देवरिया, निज संवाददाता। टहलने निकली महिला की सोने की चेन उड़ा कर भाग रहे दो बदमाशों को सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को कसया ढाला के समीप दबोच लिया। पुलिस की तलाशी में लेने पर उनके पास से एक सोने की चेन बरामद हुई। पीड़ित महिला के बेटे की तहरीर पर केस दर्ज करते हुए दोनों को जेल भेज दिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के भीखमपुर रोड की रहने वाली प्रेमलता कनोडिया पत्नी स्व. विश्वनाथ कनोडिया सोमवार की सुबह भीखमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर की तरफ जा रही थी। इसी बीच बाइक से दो युवक पहुंचे और उनके गले से सोने की चेन और लॉकेट लूट कर भाग निकले। मामले में पीड़िता के बेटे संजीव कनोडिया की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दिया। सदर कोतवाली के गरुणपार पुलिस चौकी की प्रभारी सरोजनी वर्मा ने कसया रेलवे ढाला के समीप से बाइक सवार दोनों बदमाशों को पकड़ लिया। तलाशी में चोरी का कटा हुआ सोने का चेन बरामद हुआ। चोरों ने अपना नाम अंगद शाह निवासी सीवान, ताजू खान निवासी सीवान बताया।

गया है।

हिन्दुस्तान १९-२०-७-२२

# आजमगढ़ के गैंगस्टर समेत तीन दबोचे

रामपुर कारखाना (देवरिया), हिसं। आजमगढ़ के पशु तस्करी में आरोपित वांछित समेत पुलिस में तीन आरोपियों को सोमवार को दबोच लिया। एक आरोपी पर देवरिया पुलिस ने ₹25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। दो आरोपी अवैध शराब बनाने में लगे हुए थे। पुलिस ने मंगलवार को तीनों को न्यायालय भेजा, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पाण्डेयचक चौराहा से आगे बैतालपुर रोड के पास से 25 हजार के इनामी व गैंगस्टर में वांछित सोहराब पुत्र दिलशेर अली निवासी साकिन करमईनी, थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। उस पर गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम और धारा 3 (1) उप्र गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज था। इसके अलावा पुलिस ने ग्राम नौतन हथियागढ से गैंगस्टर एक्ट में वांछित उदयभान सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह और अनिल राजभर पुत्र रामचन्द्र राजभर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक मान सिंह , कांस्टेबल अजीत यादव, अजय कुशवाहा, पंकज यादव, मृत्युंजय कुमार, कांस्टेबल बेबी पाण्डेय, रश्मि सिंह शामिल रहीं।



गैंगस्टर के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दै. जागरण 20/7/2

# नौ लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** उपनगर सहित क्षेत्र के गांवों में मारपीट के मामले में पुलिस ने नौ लोगों पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है । उपनगर के नसहरा वार्ड में लाठी और डंडे से मारपीट के मामले में रामउग्रह पांडेय की तहरीर पर वार्ड के रोशन पांडेय, आयुष पांडेय, राधेश्याम पांडेय के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। तुलसीपुर की रहने वाली उर्मिला निषाद पत्नी रामसुरत निषाद की तहरीर पर बच्चों के विवाद में मारपीट कर घांयल करने के मामले में मनोज निषाद और तारा देवी पत्नी मनोज निषाद के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। नकटापार की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी रामसनेही निषाद की तहरीर पर बच्चों के विवाद में मारपीट के मामले में गांव के रहने वाले पंकज निषाद, छांगुर निषाद, विमली देवी, संजू पर मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# 32 पेटी देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बंगरा बाजार** : बिहार बार्डर के एकडंगा तिराहें से बनकटा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बिहार ले जा रहे वाहन से 32 पेटी शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एकडंगा तिराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान एक बोलेरो तेजी से आ रहा था। पुलिस टीम ने वाहन की रोककर जांच की। जांच में कुल 32 पेटी देसी शराब के साथ बिहार के हसनपुर थाना क्षेत्र का सलमान व सतीश गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष दिलीप सिंह ने बताया कि वाहन सीज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। (जासं)

28/11/2022 दैनिक जागरण

दैनिक जागरण दि० - 20-7-22

# चेन स्नेचिंग के दोनों आरोपित गिरफ्तार

जासं, देवरिया: शहर के दो इलाके में सोमवार की सुबह तीन महिलाओं से लूटी गई सोने की चेन के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने चेन लूट के दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। दोनों आरोपितों के पास से लूटी गई सोने की चेन व घटना में प्रयोग की गई बाइक बरामद भी की गई है। दोनों आरोपित बिहार के सिवान जनपद के रहने वाले हैं।

शहर के बजाजी रोड निवासी हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. कमलेश अग्रवाल की पत्नी रेनू अग्रवाल, भीखमपुर रोड निवासी दवा कारोबारी संजीव कानोडिया की माता प्रेमलता कानोडिया व वार्ड नंबर तीन आंबेडकर नगर निवासी मुन्नी देवी पत्नी अशोक द्विवेदी से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली थी। पुलिस ने लूट के आरोपितों को कसया ढाले के समीप से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास लूटी गई सोने की चेन पुलिस ने बरामद किया। पकड़े गए बदमाशों में बिहार के सिवान जनपद के सिवान



पुलिस की गिरफ्त में चेन स्नेचिंग के दोनों आरोपित • जागरण

सदर नगर पुलिस थानाक्षेत्र के शेख मोहल्ला निवासी ताजू खान पुत्र फाजिल खान व इसी थानाक्षेत्र के विशुनपुर पक्का मोड निवासी अंगद कुमार पुत्र ददन साह शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**चोरी का मुकदमा, विवेचना में लूट में बदला :** पुलिस ने पीड़िता प्रेमलता कानोडिया के पुत्र संजीव कानोडिया की तहरीर पर सोमवार की रात 10.47 बजे चोरी (धारा 379) का मुकदमा दर्ज किया। इसी तहरीर में मुन्नी देवी के साथ घटना का भी जिक्र है। पुलिस ने विवेचना में चोरी की धारा को लूट (धारा 392), 323 व 411 में बदल दिया है।

**ताजू खान कर रहा था पुलिस को गुमराह :** पकड़े गए बदमाशों ने पुलिस को गुमराह करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। पकड़े जाने के बाद ताजू खान ने पुलिस को बताया कि वह भगवान शिव का दर्शन व पूजन करने आया है। पुलिस ने जब उसका नाम पूछा तो वह सकपका गया। बाद में उसका सही नाम सामने आने पर पुलिसवाले हक्का-बक्का रह गए। बदमाशों ने घटना के बाद अपने कपड़े बदल लिए थे। जिस होटल में दोनों ठहरे थे। होटल के कर्मचारी को बताया कि सुबह चार बजे रेलवे स्टेशन किसी को रिसीव करने जा रहे हैं।

दैनिक जागरण 20/7/22

# तीन विचाराधीन बंदियों ने स्वीकार किया अपराध

**जासं, देवरिया**: जिला कारागार में मंगलवार को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुंदर पाल ने चोरी के तीन मुकदमों की सुनवाई की। सुनवाई के दौरान तीनों विचाराधीन बंदियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।

चोरी के मामले में चार साल से जिला कारागार में बंद राहुल निषाद नामक बंदी ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर चोरी की थी, यह बात बंदी ने सुनवाई के दौरान स्वीकार किया। इसके बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद उसे चार साल की सजा सुनाई। इसके अलावा मुन्ना राजभर व मारकंडेय नामक बंदी ने भी अपना अपराध स्वीकार किया। इनकी सजा एक साल सुनाई गई। दोनों बंदी करीब आठ माह से जिला कारागार में निरुद्ध हैं। इस मौके पर जेल अधीक्षक भोलानाथ मिश्र, कारापाल राजकुमार, उप कारापाल वंदना त्रिपाठी, उप कारापाल वंदना उपस्थित रहीं।

## देसी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बंगरा बाजार**: खामपार थाना क्षेत्र के परसौनी दीक्षित गांव के पास से पुलिस ने व्यास यादव निवासी बरमाइल जिला गोपालगंज बिहार को 27 शीशी देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बृजेश मिश्रा ने बताया कि युवक को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

दै.जागरण 20/7/22

# मोबाइल चोरी के आरोप में तीन गिरफ्तार

जासं, पथरदेवा: बघौचघाट थाना पुलिस ने मंगलवार को मोबाइल चोरी के आरोप में तीन को गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी के छह मोबाइल बरामद हुए हैं।

पकड़े गए आरोपितों में सदर कोतवाली क्षेत्र के गोबरही गांव निवासी आकाश मद्धेशिया पुत्र लालबहादुर मद्धेशिया, तरकुलवा थाना क्षेत्र के पथरदेवा कस्बा निवासी अमरजीत गुप्ता पुत्र रामकेवल गुप्ता व पथरदेवा भरटोली निवासी प्रदीप पुत्र विंध्याचल राजभर शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

## पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपित

जासं, खुखुंदू: थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी की फेसबुक के जरिए बहराइच जिले के एक युवक से बातचीत होने लगी। बातचीत के दौरान दोनों में काफी नजदीक आ गए। युवक के साथ किशोरी फरार हो गई, इसी बीच पुलिस मुखबिर की सूचना पर आरोपित अमित यादव पुत्र भोला यादव चहलवा जिला बहराइच को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष नवीन चौधरी ने बताया कि आरोपी को देवरिया बस स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। 20 दिन पूर्व किशोरी के लेकर फरार हुआ था, बहराइच जिले का रहने वाला है।

दैनिक जागरण 20/7/22

# प्रधानाचार्य को धमकाने वाले पूर्व प्रधान पर मुकदमा दर्ज

**जासं, पथरदेवा :** महंथ त्रिवेणी इंटर कालेज विशुनपुरा बाजार के प्रधानाचार्य की तहरीर पर पुलिस ने मस्जिदिया गांव के पूर्व प्रधान के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज किया है। प्रधानाचार्य डा. शशिशेखर मिश्र ने पूर्व प्रधान रमाशंकर कुशवाहा पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। उनका आरोप है कि 12 जुलाई को वह कालेज के प्रांगण में बैठकर विद्यालय का सरकारी कार्य कर रहे थे। इसी दौरान रमाशंकर कुशवाहा ने अकारण जान से मारने की धमकी दी व अभिलेख फाड़ दिया। बघौचघाट के प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रधानाचार्य की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

दैनिक जागरण 20/7/22

# गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपित गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**जासं, रामपुर कारखाना:** पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे दो आरोपितों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दोनों शराब के धंधे में संलिप्त बताए जा रहे हैं। पकड़े गए आरोपितों में नौतन हथियागढ़ का रहने वाला उदयभान सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह और नौतन हथियागढ़ गांव का रहने वाला अनिल राजभर पुत्र रामचन्द्र राजभर को गिरफ्तार किया। थाने में आरोपित उदयभान के विरुद्ध दो व अनिल राजभर के विरुद्ध तीन मुकदमे दर्ज हैं।

दैनिक जागरण 20/7/22

# 25 हजार का इनामी गिरफ्तार

## गैंगस्टर एक्ट में चल रहा था वांछित, आजमगढ़ का है रहने वाला

**जासं, रामपुर कारखाना, देवरिया:** गो तस्करी में लिप्त आजमगढ़ के रहने वाले इनामी बदमाश को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके विरुद्ध देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाने में दो मुकदमा दर्ज हैं।

गो तस्करी के धंधे में शामिल आजमगढ़ के बिलरियागंज थाना क्षेत्र के करमईनी गांव के रहने वाले सोहराब पुत्र दिलशेर अली के विरुद्ध रामपुर कारखाना पुलिस ने सोहराब समेत सात के विरुद्ध 11 जनवरी 2021 को पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम व गो हत्या निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्जकर गिरफ्तार किया था। साथ ही 11 गोवंशीय को बरामद किया गया था। उसके बाद वह जमानत पर छूट गया। फिर गैंग बनाकर अपराध में शामिल सक्रिय हो गया।



पुलिस की गिरफ्त मे इनामी बदमाश • सौजन्य पुलिस

रामपुर कारखाना पुलिस ने एक जनवरी को उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। तभी से वह वांछित चल रहा था। एसपी संकल्प शर्मा ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया। पुलिस उसे तलाश कर रही थी, तभी मंगलवार को उसे पांडेय चक चौराहा से आगे बैतालपुर रोड के पास से गिरफ्तार किया गया। टीम में थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार चतुर्वेदी व उप निरीक्षक मान सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि 25 हजार रुपये के इनामी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

अमर उजाला 20/7/22

# सेवानिवृत्त जीएम के घर चोरी करने वाले आरोपियों पर लगा गैंगस्टर

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** चीनी मिल के रिटायर्ड जीएम के घर डेढ़ करोड़ रुपये की चोरी की घटना को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों के खिलाफ गौरीबाजार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गिरोह के सभी सदस्य सीतापुर जनपद के निवासी हैं।

थानाध्यक्ष विपिन मलिक ने मंगलवार को बताया कि अप्रैल माह में बरारी प्रथम निवासी वशिष्ठ मणि त्रिपाठी के घर करीब डेढ़ करोड़ रुपये के जेवरात चोरी हो गए थे।

इस मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए सीतापुर के एक गिरोह को पकड़ा था।

घटना को अंजाम देने वाले बाबूराम चौहान निवासी खपुरवा थाना लहरपुर, राजाराम चौहान विसवा खुर्द थाना तंबौर, सोनेलाल उर्फ सोनू व सुखबीर कुमार निवासी कुटी सुपौली थाना लहरपुर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सभी आरोपी जेल में बंद हैं।

अमर उजाला 20/05/22

# पूर्व ग्राम प्रधान पर मुकदमा दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**बघौचघाट।** प्रधानाचार्य को धमकी देने और कार्य में बाधा उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

महंत त्रिवेणी इंटर कॉलेज विशुनपुरा के प्रधानाचार्य शशि शेखर मिश्र को कॉलेज में जाकर धमकी देने व रजिस्टर फ़ाड़ने के आरोपी मसजिदिया गांव के पूर्व ग्राम प्रधान रमाशंकर कुशवाहा के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रधानाचार्य ने एक सप्ताह पूर्व थाने में तहरीर दी थी कि रमाशंकर कुशवाहा ने कॉलेज में पहुंचकर हमको जान से मारने की धमकी दी। साथ ही अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर फाड़ दिए।

एक सप्ताह बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर प्रधानाचार्य ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थनापत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के संज्ञान लेने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र मिश्र ने बताया की मुकदमा दर्ज किया गया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही हैं। संवाद

# मोबाइल चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ा मुकदमा दर्ज

**बघौचघाट।** छह चोरी के मोबाइल फोन के साथ तीन चोरों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सोमवार की रात थाना क्षेत्र के बिंदही गांव में एक घर में घुसकर एक व्यक्ति की मोबाइल चोरी कर बाइक सवार तीन युवक भागने लगे। शोर करने पर ग्रामीणों ने बाइक से पीछा कर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सौंप दिया। तीनों से पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ शुरू की तो तीनों मोबाइल फोन चोर निकले।

तीनों की पहचान अमरजीत गुप्ता निवासी पथरदेवा थाना तरकुलवा, आकाश मद्धेशिया निवासी गोबराई थाना कोतवाली व प्रदीप निवासी पथरदेवा थाना तरकुलवा के रूप में हुई। तीनों के पास से चोरी के छह मोबाइल एक हजार रुपये नकद बरामद हुए।

थाना प्रभारी उपेंद्र मिश्र ने बताया कि तीन मोबाइल चोरों को पकड़कर जेल भेज दिया गया। संवाद

अमर उजाला 20/07/22

अमर उजाला 20/07/22

# चेन स्नेचिंग करने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**देवरिया।** शहर में सोमवार को तीस मिनट में तीन जगहों पर चेन छीनने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक बाइक और टूटी हुई चेन पुलिस ने बरामद की है।

सोमवार को सुबह एक बाइक पर सवार दो युवकों ने तीन महिलाओं से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद पुलिस सक्रिय हो गई। घटना के कुछ समय बाद ही पुलिस ने भीखमपुर रोड कसया ढाले के पास से एक बाइक सवार दो बदमाशों की तलाशी ली तो उनके पास से एक टूटी हुई सोंने की चेन मिली। पुलिस दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने लगी।

दोनों आरोपियों की पहचान बिहार के सिवान कस्बे के सेख मोहल्ला निवासी ताजू खान तथा दूसरा आरोपी कस्बे के ही विसुनपुर पक्का मोड़ निवासी अंगद कुमार के रूप में हुई। इस दौरान उन्होंने बताया कि वे शहर के एक होटल में रूम लेकर ठहरे थे। सुबह में महिलाओं की रेकी कर तीन घटनाओं को अंजाम दिया है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-07-2022

# युवक के चंगुल से भाग कर घर पहुंची महिला

**पनियहवा।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र नगर पंचायत छितौनी के पथलवा निवासी महिला को गांव का ही युवक जबर्दस्ती बाइक पर बैठा कर गोरखपुर लेकर चला गया। वहां युवक उसे बेचने की फिरात में था जिसकी भनक लगते ही महिला उसके चंगुल से भाग कर घर पहुंची व आपबीती परिजनों को बतायी।

महिला बीते गुरूवार को इलाज कराने की बात कहकर घर से गई लेकिन वापस लौटकर नहीं आयी। मंगलवार को घर आई महिला ने बताया कि जब वह दवा कराने छितौनी जा रही थी इसी दौरान रास्ते में सुनसान जगह देखकर गांव का ही एक युवक उसे पकड़ कर बाइक पर जबरन बैठाकर गोरखपुर लेकर चला गया।

# चोरी के पंपिंगसेट, असलहे के साथ चोर को दबोचा

रामकोला। स्थानीय थाने की पुलिस ने मंगलवार को चोरी के सामान एवं असलहे के साथ एक चोर को दबोच लिया। पकड़ा गया चोर रामकोला थाना क्षेत्र के ही रोआरी गांव के टोला नरकटिया का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस उसके खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है।

एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर जिले में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में रामकोला थाने की पुलिस क्षेत्र में भ्रमण पर थी। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने थाना क्षेत्र के रोआरी गांव के टोला नरकटिया निवासी राजू यादव पुत्र महंत को गिरफ्तार किया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का पंपिंग सेट एवं कट्टा-कारतूस बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि राजू यादव अपने साथी आशिक अली पुत्र रसूद मिया ग्राम मठियाधीर थाना रामकोला के साथ मिलकर चोरी करता है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसआई शेषनाथ यादव, कां. धर्मेन्द्र यादव, रामप्रवेश यादव, अरविन्द यादव एवं मुकेश यादव शामिल रहे।

# हत्या व धोखाधड़ी में वांछित गिरफ्तार

**कुशीनगर।** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान में थाना नेबुआ नौरंगिया पुलिस ने हत्या व धोखाधड़ी के मुकदमे में फरार चल रहा वांछित सुबाष पुत्र त्रिवेनी निवासी सिरसिया कला टोला पलट छपरा थाना नेबुआ नौरंगिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# जाम से नहीं मिल रही मुक्ति, जूझते रहे लोग

## जिम्मेदारों की अनदेखी से बढ़ रही समस्या, शहर में घंटों रेंगते हुए चलते हैं वाहन

**जागरण संवाददाता, पडरौना :** सड़कों पर अतिक्रमण व जिम्मेदारों की लापरवाही से नगरवासियों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। खासकर जिला मुख्यालय से लेकर नगर में लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। सुबह नौ बजे से शाम सात बजे तक सभी प्रमुख मार्गों जाम की स्थिति बनी रहती है। वाहन चालकों को घंटों जाम में फंसे रहते हैं।

स्कूल, कालेज, बैंक, सरकारी दफ्तर खुलने के साथ ही लगन की खरीदारी करने वैसे तो लोग प्रतिदिन निकलते हैं, लेकिन यह दिन सभी पर भारी पड़ता है। जिला मुख्यालय से शुरू होने वाला जाम छावनी, कुबेरस्थान मोड़, बड़ी गंडक नहर, कठकुइयां मोड़, सुभाष चौक, रामकोला रोड के अलावा कोतवाली मार्ग, धर्मशाला रोड, तिलक चौक, डिग्री कालेज, जटहां बाजार मार्ग पर बना रहता है। जाम से जूझ रहे लोगों ने यातायात पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाया है।

शहर में रहने वाले मनोहर मोदनवाल का कहना है कि सड़क पर अतिक्रमण की वजह से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। इसका प्रशासनिक स्तर पर स्थायी समाधान होना चाहिए। दिलीप कुमार ने कहा कि बेतरतीब दो व चार पहिया का चलाने वाले भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। पुलिस को चाहिए कि यातायात नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए। मोहन कुमार ने कहा कि सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाने के साथ गलत साइड से चलने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि दूसरों को सबक मिले। जितेंद्र कुमार ने कहा कि जाम की समस्या को लेकर जिला प्रशासन जिम्मेदार है। इस समस्या के समाधान के लिए सार्थक कदम उठाया जाना चाहिए।

गुदरी बाजार में हर रोज प्रवेश करते हैं बड़े व भारी वाहन

गुदरी बाजार में हर रोज बड़े व प्रतिबंधित वाहनों के प्रवेश से सामान्य आवाजाही बाधित हो रही है। सड़क किनारे खड़े ट्रकों से आलू, प्याज व हरी सब्जियां अनलोड करने में घंटों लग जाते। जिससे स्कूल जाते बच्चे, स्कूली वाहनों की आवाजाही पर मानो पहरा लग जा रहा है।



पडरौना नगर के सुभाष चौक के समीप लगा जाम● जागरण

### बोर्ड नो इंट्री जोन का, प्रवेश करते प्रतिबंधित वाहन

**पडरौना:** नगर में हर रोज यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। प्रतिबंध के बावजूद नगर में बड़े वाहनों का प्रवेश धड़ल्ले से हो रहा है। आखिर प्रतिबंधित वाहनों का प्रवेश कौन करा रहा है, यह जांच का विषय है। हर तिराहे व चौराहे पर नो इंट्री जोन लिखा बोर्ड लगाया गया है। नियमों का अनुपालन न कराए जाने से यह बोर्ड बेमतलब साबित हो रहा है। जाम में घंटों फंसे लोगों की परेशानी से किसी को सरोकार नहीं रह गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर के सुभाष चौक, कठकुईयां रोड के बाईपास तिराहे पर, अंबे चौक समेत विभिन्न स्थलों पर नो इंट्री जोन का बड़ा बोर्ड लगा है। जिस पर मोटे अक्षरों में लिखा है, भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित, समय सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक। बावजूद इसके नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

- **यातायात पुलिस की भूमिका पर उठ रहे सवाल**
- **गलत साइड से चलने वालों पर होनी चाहिए कार्रवाई**

जाम की समस्या को दूर करने के लिए अभियान चलाकर सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसके लिए एसडीएम को निर्देश दिए गए हैं।

देवी दयाल वर्मा, एडीएम, कुशीनगर

यातायात पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था संभालने में लगी है। इसे और चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा।

कुंदन कुमार सिंह, सीओ सदर

# छेड़खानी व हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा

**जासं., खड्डा :** बसडीला खड्डा मार्ग पर सोमवार को एक इंटर कालेज से पढ़कर घर लौट रहीं दो छात्राओं के साथ आधा दर्जन से अधिक मनबढ़ युवकों ने छेड़छाड़ की तथा एक छात्रा की गला दबाकर हत्या का प्रयास किया था। इस मामले में मंगलवार को पुलिस ने छात्रा की तहरीर पर एक नामजद व अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

तहरीर के मुताबिक आधा दर्जन मनबढ़ युवक छात्राओं का पीछा करते हुए खड्डा बसडीला मार्ग के एक सुनसान जगह पर घेरकर छेड़छाड़ करने लगे थे। विरोध करने पर वह एक छात्रा की हत्या का प्रयास किए। दूसरी छात्रा के शोर मचाने पर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपित भाग गए। छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने मुख्य आरोपित सलीम सहित अन्य पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। एसआई उमेश सिंह का कहना है कि पाक्सो सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

# चोरी करने घर में घुसे युवक को पीटकर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**जासं,नेबुआ नौरंगिया :** क्षेत्र के नौरंगिया गांव में मंगलवार को दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी कर रहे युवक को पकड़कर ग्रामीणों ने पिटाई की और पुलिस को सौंप दिया। गृहस्वामी ने आरोपित के विरुद्ध तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

एनएच 28 बी के किनारे नौरंगिया गांव के आइटीआइ चौराहे पर अर्जुन कुशवाहा के घर के सामने दोपहर को एक युवक बाइक लेकर आया। सड़क के किनारे बाइक स्टार्ट छोड़कर अर्जुन के घर में घुस गया। मोबाइल चुराकर भागने लगा तो लोगों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद उसे पकड़ कर बैठा लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम प्रदीप बताया जबकि आधार कार्ड पर उसका नाम नवाज शरीफ निवासी जहूर चैनपुर जनपद महराजगंज लिखा था। उसकी जेब से नकदी व कुछ कागजात भी मिले। नेबुआ नौरंगिया थाना के प्रभारी निरीक्षक डा. आशुतोष तिवारी ने बताया कि आरोपित को थाने लाया गय है, पूछताछ की जा रही है।

**विवाहिता को भगाने का आरोप**

**जासं,जोकवा बाजार :** तुर्कपट्टी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने गांव के ही युवक पर अपनी विवाहित बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। महिला की बेटी की शादी एक साल पहले बिहार के गोपालगंज जिले के एक गांव में हुई थी। शादी के कुछ ही दिन बाद लड़की अपने मायके आकर रहने लगी। बीते शनिवार को वह बिना बताए घर से गायब हो गई। परिजनों द्वारा सभी जगह तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। लड़की का मोबाइल भी उसी दिन से बंद है। लड़की की मां ने गांव के ही एक सजातीय युवक पर लड़की को भागने का आरोप लगाया है। मां ने मंगलवार को थाने में तहरीर देकर दिया। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह का कहना है की मामला संज्ञान में है, पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# आत्महत्या के मामले में दो हत्यारोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, खड्डा :** थाना क्षेत्र के गांव बरवारतनपुर में डेढ़ माह पहले पति व ससुरालियों के उत्पीड़न से आजिज आकर एक विवाहिता ने फंदे से लटककर जान दे दी थी। इस मामले में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। हनुमानगंज थाना क्षेत्र के गांव भगवानपुर निवासी विभूति मुसहर की बेटी संतोषी का विवाह खड्डा थाना क्षेत्र के गांव बरवारतनपुर निवासी छट्ठू पुत्र तुलसी के साथ कुछ वर्ष पहले हुआ था। उसके दो बच्चे भी हैं। पिता ने जून माह में पुलिस को दिए तहरीर में बताया था कि संतोषी का पति छट्ठू आए दिन शराब पीकर उसके साथ मारपीट करता था। सास, ससुर भी उसका उत्पीड़न करते थे। उत्पीड़न से परेशान संतोषी ने पांच जून को फंदे से लटककर जान दे दिया। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोग चुपके से उसके शव को जला दिए। इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति सहित छह लोगों पर केस दर्ज किया था। मंगलवार को ढुनमुन व भोली निवासी बरवारतनपुर को एसआइ जियालाल कन्नौजिया, सिपाही विरेन्द्र यादव, विश्वजीत, अरुण की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



# चोरी के समान के साथ पांच गिरफ्तार

## चोरों से सामान खरीदने वाले तीन दुकानदार धराए, कई घटनाओं को दिए थे अंजाम

**जागरण संवाददाता, रामकोला:** चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए रामकोला पुलिस ने सोमवार को पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के तीन लाख 50 हजार रुपये का सामान बरामद हुआ। मंगलवार को थाना परिसर में पत्रकार वार्ता में सीओ खड्डा संदीप वर्मा ने इस मामले की जानकारी दी। पकड़े गए आरोपितों में तीन दुकानदार भी शामिल हैं जो चोरी का सामान खरीदते थे।

सीओ ने बताया कि रामकोला समेत नेबुआ नौरंगिया व खड्डा के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर इन बदमाशों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। मेहदीगंज बाजार से चोरी करने वाले गिरोह के दो सदस्य रामकोला थाना क्षेत्र



रामकोला थाना में बरामद सामान व आरोपितों के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक नीरज राय● जागरण

के महुआडीह अमरिया निवासी छोटेलाल खरवार व राजेश गोविंद राव उर्फ अखिलेश को संदेह के आधार पर पुलिस ने पहले पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

इनकी निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने के आरोप में महुआडीह अमडरिया निवासी दुकानदार आफताब, मांडेराय निवासी दुकानदार दीपक वर्मा व गनेश वर्मा भी पकड़े गए।

इनके पास से छह एलइडी टीवी, एक सिलाई मशीन, दो चेन, तीन मोबाइल फोन आदि कीमत लगभग साढ़े तीन लाख रुपये बरामद हुआ। इन घटनाओं में शामिल चार अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है।

टीम में थानाध्यक्ष नीरज कुमार राय ,उप निरीक्षक कन्हैया लाल यादव, कांस्टेबल मनीष राय, शुभेंदु उपाध्याय, आरपी यादव, अंगद यादव के साथ स्वाट टीम के उपनरीक्षक मुबारक खान ,कांस्टेबल अभिषेक यादव ,रणजीत यादव, सचिन कुमार, राघवेंद्र परमार ,संदीप भास्कर मौजूद रहे।

### चोरी के पंपिंग सेट के साथ एक गिरफ्तार

**रामकोला:** रामकोला पुलिस ने रोआरी के समीप से वहीं के राजू को चोरी की पंपिंग सेट के साथ गिरफ्तार किया है।

# चोरी की कई घटनाओं का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

## रामकोला थाने की पुलिस को मिली कामयाबी, अन्य चार आरोपियों की तलाश जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** थाना क्षेत्र में हुई चोरी की कई घटनाओं में संलिप्त पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से दो चोरी के आरोपी हैं, जबकि तीन खरीदार बताए जा रहे हैं। इस मामले में चार अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी है।

मंगलवार को सीओ संदीप वर्मा ने पकड़े गए आरोपियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आठ जुलाई की रात में रामकोला थाना क्षेत्र के धुआंटीकर गांव में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर पूछताछ की तो तीन अन्य व्यक्ति भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। उन्होंने इनसे चोरी के सामान की खरीद की थी। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर चोरी हुआ सामान भी बरामद कर लिया है।

सीओ ने बताया कि इनके चार साथियों के बारे में भी पता चला है। उनकी तलाश की जा रही है। एसओ नीरज कुमार राय ने आरोपियों को मेहदीगंज चौराहे से गिरफ्तार किया है। इस मामले में सबसे पहले रामकोला थाना क्षेत्र के ही महुआडीह अमरिया निवासी छोटेलाल खरवार व राजेश गोविंद राव उर्फ अखिलेश को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो चोरी की बात स्वीकार की। बताया कि बिगाडू उर्फ शैलेश के साथ मिलकर रामकोला कस्बे में स्थित एक ब्यूटी पार्लर का ताला तोड़कर मशीन सहित कुछ नकदी चुराए थे। उसके बाद धुआंटीकर गांव में चोरी की थी।

सीओ ने बताया कि आरोपियों ने पडरौना कोतवाली क्षेत्र के मंगलपुर पटेरा तथा नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के कुकुरहा में भी चोरी की बात कुबूल की है। इसके अलावा कुछ अन्य स्थानों पर भी पूर्व में चोरी करने की जानकारी दी। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने अफताब निवासी महुआडीह, दीपक वर्मा व गनेश वर्मा निवासी मांडे राय के पास से चोरी की छह रंगीन टीवी, एक सिलाई मशीन, सोने की दो चेन, तीन मोबाइल फोन, एक अंगूठी सहित अन्य सामान बरामद किए हैं। इसकी कीमत लगभग तीन लाख 50 हजार रुपये है।

## चोरी के पंपिंग सेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रामकोला।** क्षेत्र के किसानों का पंपिंग सेट चुराने का एक आरोपी मंगलवार को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने चोरी का पंपिंग सेट और तमंचा बरामद किया।

आरोपी की पहचान साकिम रोआरी गांव निवासी राजू यादव के रूप में हुई। उसे पुलिस ने रोआरी नरकटिया टोला के पास से पकड़ा। घटना में शामिल उसके पांच अन्य साथियों की तलाश पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक, रामकोला क्षेत्र के सपहा, गडुलहा निवासी रुद्र प्रताप राव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके खेत में लगे दो पंपिंग सेट 26 जून को चोरी हो गए। पीड़ित ने छह व्यक्तियों पर चोरी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मंगलवार को पुलिस ने चोरी के एक आरोपी राजू यादव को रोआरी नरकटिया टोला के पास से गिरफ्तार किया। संवाद

## चोरी करते पकड़ा गया युवक

**पिपरा बाजार।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के नौरंगिया टोला आरटीआई चौराहे के पास मकान में चोरी करते एक युवक पकड़ा गया। लोगों ने उसकी पिटाई की फिर पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक, पडरौना-पनियहवा रोड के नौरंगिया टोला निवासी अर्जुन कुशवाहा का मकान आईटीआई चौराहा पर है। मंगलवार की दोपहर उनके मकान पर परिवार का कोई सदस्य नहीं था। तभी एक युवक बाइक से पहुंचा। स्टार्ट बाइक को दरवाजे पर खड़ी करके घर में घुस गया। मोबाइल फोन चुराकर भागते हुए लोगों ने उसे देख लिया। रंगेहाथ पकड़कर लोगों ने पहले उसे पीटा। फिर पुलिस को सौंपकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। संवाद

# छात्राओं से मारपीट, छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा

खड्डा। क्षेत्र के एक स्कूल से घर लौट रही दो छात्राओं से मारपीट करने, उनके साथ छेड़छाड़ के मामले में मंगलवार को पुलिस ने एक नामजद और पांच अन्य अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। सोमवार की दोपहर खड्डा के एक स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा नौ की दो छात्राएं घर लौट रही थीं। तभी दोस्तों संग पहुंचे शोहदे ने उनको रोक लिया। एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर छात्रा को पीटकर उसका गला दबाने लगा। छात्रा की सहेली ने बीच बचाव का प्रयास किया तो उसे भी पीट दिया। छात्राओं के शोर मचाने पर लोग पहुंचते। इसके पहले आरोपी उसके पांच दोस्त भाग गए। संवाद

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

**20 लीटर कच्ची शराब बरामद :** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए 2 व्यक्तियों के कब्जे से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया। साथ ही उसे 60 आबकारी एक्ट के तहत चालान न्यायालय किया गया।

# एएसपी को दी गयी भावभीनी विदाई

**महराजगंज (एसएनबी)**। एएसपी निवेश कटियार का स्थानांतरण सीबीसीआईडी लखनऊ होने पर एसपी डा. कौस्तुभ की अध्यक्षता में भव्य विदाई समारोह आयोजित किया



गया। समारोह में जनपद न्यायाीश जयप्रकाश तिवारी, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार, अपर जिला जज मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी समेत जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। विदाई समारोह के दौरान वक्तताओं ने निवर्तमान एएसपी के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुए उनकी मृदुभाषिता व मिलनसार व्यक्तित्व की सराहना की। निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के साथ विधि व्यवस्था बनाए रखने में भी जिला प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय के साथ दायित्वों को लेकर काफी सराहना की गयी। अपराध की घटनाओं का सफलतापूर्वक खुलासा करने में उनकी कार्यशैली अन्य पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी। जिला न्यायधीश व जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक को उपहार व स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसपी ने एएसपी के सराहनीय व्यक्तित्व व कर्मठता की प्रशंशा की साथ ही बेहतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक फूल माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर अपर पुलिस को सम्मानित किया साथ ही अग्रिम उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, डीएफओ, जेल अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, उपजिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी सदर सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं पुलिस कार्यालय के समस्त शाखाओं के प्रभारी एवं अन्य पुलिस/प्रशासनिक अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निचलौल रेंज के जंगल से काटी गयी बेंत बरामद

**निचलौल (एसएनबी)**। सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग के निचलौल वन रेंज क्षेत्र के जंगल से काट कर ले जायी जा रही एक ट्राली बेंत को बीती रात वन विभाग की टीम कुशीनगर जिला के खड्डा थाना क्षेत्र के मदनपुर से पकड़ा। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। ट्रैक्टर ट्राली लदी बेंत को निचलौल रेंज परिसर लाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। खबर लिखे जाने तक बेंत के बंडलों की गिनती नहीं हो पायी थी। इस बावत रेंज अधिकारी सुनील कुमार राव ने बताया कि वन तस्करों द्वारा जंगल से काटी गयी बेंत को ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर कुशीनगर जिला के रास्ते बिहार राज्य ले जाने की सूचना मुखबिर ने दी। उसकी सूचना पर एक टीम गठित कर जांच शुरू किया गया। इस दौरान कुशीनगर जिला के खड्डा थाना क्षेत्र के मदनपुर के समीप ट्रैक्टर ट्राली पर लदी बेंत बरामद कर लिया गया है। चालक मौके से फरार है। जल्द ही वन तस्करों को पकड़ लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी बीते 8 मार्च को वन विभाग ने गश्त के दौरान निचलौल रेंज के डोमा बीट के जंगल में झाड़ियों में छिपा कर रखे गये 330 बण्डल की बरामदगी किया था।

# हत्या कर फेंका गया था शव, मुकदमा

**जासं, सिंदुरिया:** निचलौल क्षेत्र के झुलनीपुर से निकली देवरिया शाखा की नहर में मिठौरा से 12 जुलाई को बरामद हुए अज्ञात शव के मामले में एक नया मोड़ आ गया है । शिनाख्त न होने से तीन दिन बाद हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। मृतक के शरीर पर भी चोट के निशान मिले है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सिंदुरिया पुलिस ने हत्या व साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

12 जुलाई की सुबह सिंदुरिया थाना क्षेत्र के मिठौरा के करीब देवरिया शाखा की नहर में एक युवक का शव बहकर आने की सूचना मिली थी। सूचना पर मिठौरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक आरसी वरुण ने शव को बाहर निकलवाया । मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे । काफी पूछताछ के बाद भी युवक की शिनाख्त न होने के बाद पुलिस ने तीन दिन बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर युवक की हत्या के साक्ष्य मिले हैं। पुलिस का मानना है कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने का प्रयास करने के लिए शव को नहर में फेंक दिया गया। थानाप्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध हत्या और हत्या के साक्ष्य मिटाने के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वनकर्मियों ने पकड़ा ट्रैक्टर टाली पर लदा 275 बंडल बेंत

**वाहन को खींच कर विभाग के कार्यालय परिसर लाया गया, भारतीय वन अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई**

**जासं, निचलौल:** वनकर्मियों ने मंगलवार की रात कुशीनगर जनपद के ग्राम मदनपुर के पास ट्रैक्टर ट्राली से ले जाया जा रहा 275 बंडल बेंत बरामद कर लिया है। क्षेत्रीय वनाधिकारी सुनील कुमार राव ने बताया कि सूचना पर सोमवार की रात लगभग एक बजे सूचना मिली कि कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्राली पर बेंत लादकर कुशीनगर जनपद की तरफ जा रहे हैं, जिस पर विभाग की टीम रवाना हुई जो पीछा करते हुए खड्डा थाना क्षेत्र के मदनपुर गांव के पास घेराबंदी कर टैक्टर ट्राली को पकड़ लिया।

टीम के पहुंचते ही आरोपित गाड़ी छोड़ कर भाग गए। बेंत लदे वाहन को वन सुरक्षा कर्मियों द्वारा खींच कर विभाग के कार्यालय परिसर लाया गया। बेंत एवं वाहन को पकड़कर भारतीय वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। कासिम अली, आशीष सिंह अमित पांडेय उपस्थित रहे।



बरामद बेंत के साथ पुलिस टीम● जागरण

# एंटी रोमियो की टीम ने छात्राओं को किया जागरूक

- विद्यालय परिसर में लगवाया गया पिंक बाक्स
- समस्या होने पर पिंक बाक्स में शिकायती पत्र डालें छात्राएं

**जासं, निचलौल:** मंगलवार को उपनगर के रामभोली कन्या इंटरमीडिएट कालेज में एंटी रोमियो स्क्वायड की टीम पहुंचकर सभी छात्राओं को जागरूक किया। टीम की हेड कांस्टेबल नेहा सिंह ने कहा कि अगर कोई छात्रा पढ़ने आती है और रास्ते में कोई उसे छेड़ता या परेशान करता है। तो वे बेटियां डरें नहीं बल्कि इसकी शिकायत करें।

पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी और सूचना देने वाले का नाम भी गुप्त रखा जाएगा। हेड कांस्टेबल दिग्विजय पांडेय ने कहा कि अगर घर पर कोई मारपीट करता है तो इसकी सूचना व 112 नंबर पर दें । 1076 पर भी फोन कर सकते हैं। विद्यालय परिसर में टीम के द्वारा एक पिंक बाक्स लगवाया गया और छात्राओं को बताया गया कि यदि कोई भी समस्या है तो उसका नाम लिखकर पिंक बाक्स में डाल दें। महिला कांस्टेबल हमेशा पिंक बाक्स खोलकर देखती हैं। और उस पर कार्यवाही करती हैं। एंटी रोमियो स्क्वायड टीम के हेड कांस्टेबल सुभाष गिरी, महिला कांस्टेबल सरिता सिंह, प्रधानाचार्य वासुदेव पांडेय, प्रबंधक इंजीनियर आशीष मणि त्रिपाठी, श्रीमती मंजू त्रिपाठी ,श्यामसुंदर गुप्ता, प्रियंका त्रिपाठी ,विश्वंभर पांडेय सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

# नेपाल भेजी जा रही चार दुधारू पशु को एसएसबी ने पकड़ा

**जागरण संवाददाता, बरगदवा :** एसएसबी के जवानों ने मंगलवार की सुबह पड़ियाताल के पास से भारत नेपाल सीमा के समीप चार दुधारू पशु के साथ चार तस्करों को हिरासत में ले लिया।

मंगलवार की दोपहर पड़ियाताल के समीप स्थित नो मैंस लैंड के पास गश्त कर रहे एसएसबी जवानों को एक झुंड भैंस नेपाल के तरफ जाती हुई दिखी । एसएसबी जवानों को देखते ही तस्कर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर चार भैंस व चार पड़वा के साथ पकड़ लिया।

# छेड़खानी करने वाले मनचलों को छात्रा ने सिखाया सबक

## तीनों युवकों का संबंधित धाराओं में किया गया चालान

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के एक गांव के निकट सोमवार देर शाम तीन मनचलों को एक छात्रा के साथ छेड़खानी करना महंगा पड़ा। शोर सुन आसपास के लोगों ने तीनों मनचलों को दौड़ा कर पकड़ लिया। उसके बाद छात्रा ने तीनों मनचलों को बारी- बारी से चप्पल से जमकर पिटाई की।

यह जानकार मौके पर छात्रा के परिजन भी पहुंचे। जिसके बाद परिजनों ने भी मनचलों की पिटाई की। वहीं, इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने तीनों मनचलों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

### लोगों ने पकड़ा, फिर छात्रा ने की पिटाई

थाना क्षेत्र के एक गांव छात्रा के मुताबिक वह निचलौल शहर के एक विद्यालय से सोमवार को छुट्टी होने के बाद देर शाम वापस घर आ रही थी। विद्यालय से अभी कुछ दूरी पर पहुंची थी। इसी बीच तीन मनचले उसका पीछा करने लगे। सुनसान देख तीनों मनचले पास पहुंचे और छेड़खानी करने लगे। ऐसे में साहस दिखाते हुए उसने मनचले को पकड़ने और बचाने के लिए शोर मचाने लगी। जिसके बाद आवाज सुन मौके पर पहुंचे कुछ लोगों ने तीनों मनचलों को पकड़ लिया। उसके बाद छात्रा ने तीनों को बारी बारी करके चप्पल से पिटाई शुरू कर दिया। मनचलों की पिटाई होते देख मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गयी। हर कोई छात्रा की हिम्मत की दाद दे रहा था।

इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने कहा कि पीड़िता की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी 275 बंडल बेंत बरामद

**निचलौल।** वनकर्मियों ने मंगलवार सुबह मदनपुर के निकट से एक ट्रैक्टर ट्रॉली पर लदी अधिक मात्रा में अवैध बेंत बरामद कर लिया। वनकर्मियों को देख आरोपी बेंत लदी ट्रैक्टर ट्रॉली छोड़ मौके से फरार होने में सफल रहें।

रेंजर सुनील राव ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा जंगल से अवैध बेंत की कटान कर ट्रैक्टर ट्रॉली से कुशीनगर जिले में ले जा रहे थे। सूचना के आधार पर वनकर्मियों की टीम ने मुख्य मार्ग बेंत को बरामद कर लिया गया, जबकि मौके से आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए भागने में सफल रहे।

उसके बाद बेंत लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर रेंज परिसर लाकर जांच की गई तो ट्रॉली में लदी 275 बंडल बेंत बरामद हुए। बरामद बेंत और ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई। संवाद

## चार दुधारू मवेशी बरामद

**बरगदवां।** थाना क्षेत्र के पड़ियाताल के पास मंगलवार को दुधारू चार मवेशी को एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम बरामद किया। यह जानकारी थानाध्यक्ष बरगदवां सुनील कुमार राय ने दी। संवाद

## शांतिभंग में छह का चालान

**ठूठीबारी (एसएनबी)**। कोतवाली पुलिस ने आज अलग अलग मामलो में आरोपित जगदीश गुप्ता व प्रहलाद निवासीगण बकुलडीहा, राजेंद्र गौतम, हैप्पी, विशाल व सुभाष निवासी लक्ष्मीपुर खुर्द थाना क्षेत्र ठूठीबारी को सीआरपीसी की धारा 151, 107 व 116 के तहत चालान किया है। यह जानकारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने दी है।

## 129 वाहनों का चालान

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर दो पहिया वाहनों, संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 129 वाहनों का चालान किया गया।

## शांतिभंग में 31 गिरफ्तार

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग की आशंका में कुल 31 व्यक्तियों को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार किया गया। साथ ही उन्हें चालान न्यायालय किया गया।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-07-2022

# कोर्ट के आदेश पर गैंगरेप का मुकदमा

बस्ती। छावनी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर करीब तीन साल पुरानी घटना में गैंगरेप, लूट व अन्य धाराओं में मुकदमा कायम किया है। इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने तहरीर में आरोप लगाया है कि तीस जुलाई 2019 को रात करीब दो बजे गांव के बबलू और अन्य व्यक्ति अज्ञात ने उसके साथ बारी-बारी दुष्कर्म किया। दोनों ने उनके कान से सोने की झुमकी छीन ली। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कांवड़ियों की सुविधा के पुख्ता प्रबंध करें

## समीक्षा

बस्ती, निज संवाददाता। डीआईजी रेंज आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय पर बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष फोकस रहा। डीआईजी आरके भारद्वाज ने तीनों जनपदों में कांवड़ यात्रा को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कावड़ियों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

अपराध की समीक्षा करते हुए कहा कि डीआईजी ने कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का निर्देश दिया। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गस्त व क्षेत्र भ्रमण करने, लंबित जनशिकायत एवं आईजी आरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए। बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों का फोटो लेने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी ब्रीफ करने जोर दिया।



रेंज कार्यालय बस्ती पर मंगलवार को बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के एसपी संग बैठक करते डीआईजी आरके भारद्वाज। • हिन्दुस्तान

डीआईजी ने कहा कि साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों/ असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। छोटी से छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालेंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर सहयोग लेने का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं व फरार आरोपितों की गिरफ्तारी का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए अतिक्रमण हटवाया जाए।

# गौर व परसरामपुर में आठ का चालान

घघौवा/टिनिच। परसरामपुर व गौर पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में आठ लोगों का चालान किया है। घघौवा संवाद के अनुसार पुलिस ने क्षेत्र के चार अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में आरोपी पंकज सिंह निवासी पडरी बाबू, सूरज निवासी परसुरामपुर, प्रदीप वर्मा निवासी बबौना, गुलाम गौस व मोहम्मद अली निवासी बेदीपुर का धारा 151, 107, 116 सीआरपीसी में चालान किया गया है। टिनिच संवाद के अनुसार पुलिस ने शान्ति भंग की आशंका में आरोपी पुजारी निवासी कैथवलिया, कृष्ण कुमार व सुखनंदन यादव निवासी चेतरा का चालान किया गया है।

# पंजाब का वांछित आरोपी गिरफ्तार

घघौवा। परसरामपुर पुलिस ने दस माह पूर्व गो-हत्या निवारण अधिनियम में दर्ज मुकदमे के वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी सुनील कुमार पंजाब प्रांत के जिला महरौली के जीरकपुर थाना क्षेत्र के दशमेश कॉलोनी लौहगढ एसएएस नगर का रहने वाला है। पुलिस ने घघौवा चौकी के पास वाहन चेकिंग के दौरान उसे गिरफ्तार लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि वांछित सुनील कुमार की तलाश काफी दिनों से चल रही थी। घघौवा के पास चौकी इंचार्ज अजय कुमार सिंह की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# बहू को जलाने में तीन को उम्रकैद की सजा

बस्ती। एफटीसी प्रथम/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल खरवार की अदालत ने बहु को जलाकर उसकी हत्या किए जाने के मामले में सास, ननद व जेठानी को आजीवन कारावास व पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मुंडेरवा क्षेत्र के परासी गांव निवासी विक्रम चौधरी ने तहरीर दी थीं कि उन्होंने अपनी पुत्री शांति की शादी सात वर्ष पूर्व जोगेंद्र पुत्र राम अधारे निवासी मुरादपुर थाना मुंडेरवा के साथ किया था। सम्पति के विवाद को लेकर 16 अगस्त 2018 को शांति को उनकी सास भवानी उर्फ भगवानी देवी पत्नी राम अधारे, जेठानी सुनीता देवी पत्नी भगवत निवासी मुरादपुर व ननद पूनम पत्नी अशोक निवासी तिरतिमियापार थाना लालगंज ने मिलकर उस पर तेल छिड़कर जला दिया। न्यायाधीश ने तीनों आरोपितों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

बस्ती। सोनहा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शशांक शेखर राय ने बताया कि आरोपी विकास सोनी उर्फ विकास वर्मा निवासी थाना वाल्टरगंज के खिलाफ आईपीसी 376, 312, 323 के तहत मुकदमा कायम किया गया था। आरोपी विकास को टीम ने मंगलवार की सुबह करीब साढ़े नौ बजे सोनहा बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# किशोर ने रच डाली अपहरण की कहानी

- पुलिस की सक्रियता से कुछ घंटों के भीतर हुआ बरामद
- अपने ही मोबाइल से माता-पिता को भेजा धमकी भरा मैसेज

**बस्ती, निज संवाददाता।** एक किशोर ने अपने ही अपहरण की कहानी गढ़ डाली। इतना ही नहीं अपने मोबाइल से मातापिता को धमकी भरा मैसेज भी कर डाला। सूचना मिलते ही हरकत में आई पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ घंटों के भीतर ही किशोर को बरामद कर परिजनों के हवाले कर दिया।

हर्रैया थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने 18 जुलाई की देर शाम पुलिस को सूचना दी कि उनके घर रहकर पढ़ाई करने वाले उनके रिश्तेदार का सोलह वर्षीय बेटा रहस्यमय हाल में गायब हो गया है। सुबह करीब सवा आठ बजे स्कूल जाने के लिए साइकिल से निकला था। अभी तक घर नहीं लौटा। इधर किशोर के माता-पिता को धमकी भरे मैसेज मिले। किशोर तक पहुंचने में जुटी पुलिस ने उसकी मोबाइल को ट्रेस करना शुरू किया। जांच में पता चला कि वह अपने ही मोबाइल से मातापिता को मैसेज कर रहा था। बीच बीच में वह अपनी मोबाइल बंद कर देता था। सर्विलांस सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस कर परसौड़ा गांव के पास ही स्थित एक मंदिर के पास से उसे बरामद कर लिया गया। प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि किशोर ने किन्हीं कारणों से नाराज होकर खुद के अपहरण की कहानी रच डाली थी। पहले उसने पुलिस को अपने अपहरण की मनगढंत कहानी बताई, बाद में सच कबूल लिया।

**अपहरण की सूचना से मचा हड़कंप :** किशोर के अपहरण की सूचना से एक बारगी हड़कंप की स्थिति बन गई। रुधौली अपहरणकांड की याद पुलिस को आने लगी। लेकिन गनीमत रही कि पुलिस की सक्रियता से किशोर को सकुशल बरामद कर लिया गया।

# आत्महत्या को उकसाने के आरोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित

- फेसबुक पर वीडियो डालने के बाद आठ जुलाई को युवती ने की थी आत्महत्या
- आरोपी युवक पर मृतका संग चोरी-छिपे शादी करने का है आरोप

छावनी (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद। जिले के छावनी थाना क्षेत्र के बहुचर्चित आत्महत्या के मामले में फरार मुख्यारोपी पर एसपी आशीष श्रीवास्तव ने 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित कर दिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी विनय पाण्डेय उर्फ मोनू को जो बन्दी बनाएगा, पकड़वाएगा या फिर उसके बारे में सही सूचना देगा, उसे 25 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी विनय फरार चल रहा है। मुकदमे में तीन अन्य आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।

छावनी थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ जुलाई को 18 वर्षीय युवती ने घर पर ही फांसी लगा कर जान दे दिया था। आत्महत्या करने से पहले युवती ने फेसबुक पर एक वीडियो भी पोस्ट किया था। पुलिस ने युवती के घर से उसका स्मार्ट फोन कब्जे में लिया था। मृतका के पिता ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही रहने वाले युवक विनय पाण्डेय ने उनकी बेटी के बिना किसी को जानकारी दिए चोरी-छिपे शादी कर ली थी। बाद में शादी का फोटो वायरल करने की धमकी आरोपी के घरवाले देने लगे। इसी बात के सदमे में आकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने विनय पांडेय उर्फ मोनू, उसके भाई सूरज, पिता हरिश्चंद्र और मां के खिलाफ आईपीसी 306, 506 व 67(बी) आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। 11 जुलाई को सूरज, हरिश्चंद्र समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि विनय तब से फरार चल रहा है। अब उसकी गिरफ्तारी पर एसपी ने 25 हजार कर पुरस्कार घोषित कर दिया है।

# शादी का झांसा देकर युवती संग दुष्कर्म के मामले में केस

- गर्भ ठहरने पर कराया गर्भपात, बाद में शादी से किया इंकार
- लालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की छानबीन

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : लालगंज थाना क्षेत्र की एक युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने की घटना प्रकाश में आई है। पीड़िता ने गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराने और फिर दहेज की मांग को लेकर शादी से इंकार करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

लालगंज पुलिस को थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 22 वर्षीय युवती ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के रहने वाले राजेश कुमार यादव ने उसके शादी करने का झांसा दिया। इसका फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई तो दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपित राजेश के घरवाले शादी में दहेज की मांग करने लगे। युवती का आरोप है कि इसके बाद राजेश ने परिवारीजनों के कहने पर शादी से ही इंकार कर दिया।

थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर राजेश के विरुद्ध दुष्कर्म, गर्भपात और उसके भाई सुरेश यादव, श्यामबचन, मां कुशलावती समेत आठ लोगों के खिलाफ साजिश रचने और दहेज की मांग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## कोर्ट के आदेश पर सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा

बस्ती : छावनी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर करीब तीन साल पुरानी घटना में सामूहिक दुष्कर्म, लूट व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसी थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने तहरीर में आरोप लगाया है कि 30 जुलाई 2019 को रात करीब दो बजे गांव के बबलू और अन्य अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ बारी-बारी दुष्कर्म किया। दोनों ने कान से सोने की झुमकी छीन ली। विरोध करने पर अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**भानपुर, बस्ती :** सोनहा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित विकास सोनी उर्फ विकास वर्मा निवासी मानिकचंद थाना वाल्टरगंज को सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शशांक शेखर राय ने बताया कि पुलिस को विकास की काफी दिनों से तलाश थी। एक सूचना के आधार पर निरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य व कांस्टेबल जनार्दन सिंह यादव ने उसे सोनहा बाजार से गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपित को न्यायालय के लिए रवाना कर दिया गया। (जासं)

# बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली को किया सीज

अमोढ़ा : खनन अधिकारी ने बालू लदी ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ कर सीज कर दिया। पचवस गांव से हर्रैया की तरफ अवैध तरीके से बालू लादकर एक ट्रैक्टर जा रहा था। खनन अधिकारी आशीष ने उसे पकड़कर छावनी थाने पर भिजवाया। खनन निरीक्षक ने ट्रैक्टर चालक इस्लाम निवासी खतम्म सराय के विरुद्ध छावनी पुलिस को तहरीर दी है।

# लूट की घटनाओं पर रोक के लिए रात्रि भ्रमण पर जोर

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षक संग बैठक कर अपराध एवं कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कांवड़ यात्रा को लेकर की गई सुरक्षा तैयारियों पर चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीआइजी ने परिक्षेत्र के तीनों जनपदों बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन व बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के साथ ही चोरी व लूट की घटनाओं पर रोकथाम लगाने के लिए रात्रि गस्त व क्षेत्र भ्रमण पर जोर दिया। लंबित जनशिकायतों एवं आइजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने का निर्देश दिया। सभी पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान दृश्यता, गतिशीलता, सजगता एवं सतर्कता बनाये रखने पर जोर दिए। एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव, एसपी सिद्धार्थनगर अमित आनंद, एसपी संतकबीरनगर सोनम आदि रहे।

# खुद रची अपहरण की कहानी, तीन घंटे में बरामद हो गया किशोर



पुलिस टीम के साथ बरामद किशोर साथ मैं परिवारीजन • सौ.पुलिस विभाग

**जागरण संवाददाता, बस्ती** : हर्रैया पुलिस ने रहस्यमय परिस्थितियों में गायब किशोर को सूचना मिलने के तीन घंटे बाद ही खोज निकाला। किशोर ने अपहरण की कहानी खुद ही गढ़ी और अपने मोबाइल से माता-पिता को धमकी भरा मैसेज भी किया। पुलिस ने उसे बरामद कर परिवारवालों को सिपुर्द कर दिया।

हर्रैया थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव निवासी वरुण वर्मा ने 18 जुलाई की देरशाम 7.45 बजे पुलिस को सूचना दी कि उनके घर रहकर पढ़ाई करने वाले उनके रिश्तेदार अरविंद चौधरी निवासी धमौरी थाना पुरानी बस्ती का 16 वर्षीय पुत्र रत्नेश उर्फ अमन रहस्यमय परिस्थितियों में गायब हो गया है। वह सुबह 8.15 बजे विद्यालय-गजाधर सिंह अंगद सिंह इंटर कालेज हर्रैया के लिए साइकिल से निकला था। वह घर नहीं लौटा। प्रभारी निरीक्षक शैलेष सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही उन्हें लगा कि कहीं किशोर का अपहरण तो नहीं हो गया। उन्होंने तत्काल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य से संपर्क कर छानबीन की तो पता चला कि 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाला रत्नेश उर्फ अमन कालेज आया ही नहीं था। कालेज से 200 मीटर दूर उसका स्कूल बैग व साइकिल रास्ते में मिल गया। प्रभारी निरीक्षक ने घटना की जानकारी एसपी आशीष श्रीवास्तव व सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय को दी। एसपी के निर्देश पर सर्विलांस, साइबर सेल को किशोर की तलाश के लिए लगाया गया।

किशोर तक पहुंचने में उसकी मोबाइल ही मददगार बनी। वह मोबाइल से माता-पिता को मैसेज कर रहा था। बीच-बीच में वह अपनी मोबाइल बंद कर देता था। सर्विलांस सेल ने उसकी लोकेशन ट्रेस कर परसौड़ा गांव के पास ही स्थित एक मंदिर के पास से उसे बरामद कर लिया। किशोर रत्नेश उर्फ अमन द्वारा किन्हीं कारणों से नाराज होकर मानसिक द्वंद्व में आकर खुद के अपहरण की कहानी गढ़ी। बाद में सच कबूल दिया।

# शहीद के नाम पर होगा बस्ती डिपो का नामकरण

**जासं, बस्ती** : स्वतंत्रता के 75वें दिवस को यादगार बनाने के लिए चल रहे अमृत महोत्सव के क्रम में अब बस्ती रोडवेज डिपो का भी नामकरण किया जाएगा। तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही बस्ती डिपो किसी शहीद के नाम से जाना जाएगा।

बस्ती डिपो का नामकरण जिले के किसी शहीद या क्रांतिकारी के नाम पर चर्चा चल रही है। सबकुछ ठीक रहा तो जल्द ही नाम का ऐलान होगा। बस्ती रोडवेज डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वजीत वर्मा ने कहा कि निदेशक के पत्र के अनुसार किसी शहीद के नाम पर डिपो का नामकरण किया जाना है। जिला प्रशासन से नामकरण के लिए संपर्क किया गया है। डीएम की अध्यक्षता में बैठक कर निर्णय लिया जाएगा।

# सास, ननद व जेठानी को आजीवन कारावास की सजा

**जासं, बस्ती:** फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार ने विवाहिता की हत्यारोपित सास, ननद व जेठानी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने प्रत्येक को पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक शासकीय अधिवक्ता राघवेश पांडेय ने घटना का विवरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि मुंडेरवा थाना क्षेत्र के परासी गांव निवासी विक्रम चौधरी ने मुंडेरवा थाना में केस दर्ज कराते हुए कहा कि उसने अपनी पुत्री शांति का विवाह जोगेंद्र निवासी मुरादपुर थाना मुंडेरवा के साथ घटना से सात वर्ष पूर्व किया था। पुत्री को पति से कोई शिकायत नहीं थी, ससुराल में शांति के जीवन में अशांति ही रही। 16 अगस्त 2016 को वह भैंस चराने गया था। शाम चार बजे भूमि विवाद की रंजिश को लेकर सास भवानी उर्फ भगवानी, जेठानी सुनीता व ननद पूनम निवासी ग्राम तिरतिमियार थाना लालगंज ने मिट्टी का तेल छिड़क शांति को जला दिया। पति ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता का मृत्यु पूर्व बयान लिखा गया था।

# फरार आरोपित पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित

**जासं, विक्रमजोत :** देवखर गांव में एक युवती की आत्महत्या के मामले में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे आरोपित विनय पांडेय उर्फ मोनू की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर ने बताया कि विनय कई केस दर्ज है।

# दहेज उत्पीड़न में पांच पर केस दर्ज

**बस्ती:** दुबौलिया थाना क्षेत्र की रहने सिंका देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बृजेन्द्र कुमार निवासी करम्मपुर बरसाएं थाना इब्राहिम्मपुर जनपद आंबेडकरनगर ने धोखे से उनके साथ शादी कर ली। बाद में ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग शुरू कर दी। इसे पूरा न करने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर जानमाल की धमकी दी गई। पुलिस ने बृजेन्द्र समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ धोखाधड़ी, मारपीट व दहेज निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# जानमाल की दी धमकी, केस

**बस्ती:** हर्रैया के रामलीला नगर निवासी मो. इब्राहिम ने स्थानीय पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उन्हें व उनके भाई को मोहल्ले के मो. युनूस, नाजमा, शमशाद व रजिया ने अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष की नाजमा बेगम का आरोप है कि इब्राहिम व हिना ने उन्हें अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और अपशब्द कहते हुए जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में क्रास केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।(जासं)

# युवक को मारा पीटा, मुकदमा

**बस्ती :** कोतवाली क्षेत्र के पिकौरा शिवगुलाम मोहल्ला की रहने वाली फूलमती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 17 जुलाई की रात करीब 11 बजे उनका बेटा जयराम निषाद मोहल्ले के जिलाजीत के मकान की छत लगाकर लौट रहा था। आरोप लगाया कि इस दौरान मोहल्ले के सूरज निषाद उर्फ पुजारी से उसकी कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर आरोपित ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनके बेटे को ईंट, और लाठी-डंडे से मारा पीटा। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। (जासं)

# किशोर ने खुद ही रच डाली अपने अपहरण की कहानी

## अपने माता-पिता को मैसेज कर दी धमकी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** किसी बात पर परिवार वालों से नाराज 16 वर्षीय किशोर ने अपने ही अपहरण का नाटक करके खूब छकाया।

वह मोबाइल से माता-पिता को धमकी भरा मैसेज करने लगा। सूचना पाकर पुलिस के सर्विलांस सेल ने छानबीन की तो कुछ ही घंटों में किशोर पकड़ा गया।

सोमवार देर शाम हर्रैया थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उनके एक रिश्तेदार का लड़का उनके घर रहकर पढ़ाई करता है।

सुबह करीब सवा आठ बजे स्कूल जाने के लिए साइकिल से निकला था। लेकिन वह देर शाम तक घर नहीं लौटा। उधर, किशोर के माता-पिता को धमकी भरे मैसेज मिले।

### सर्विलांस के जरिए पुलिस ने ढूंढ निकाला तो खुली पोल

जिसकी सूचना भी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने किशोर की मोबाइल को ट्रेस करना शुरू किया। जांच में पता चला कि उसने खुद ही मोबाइल से माता पिता को मैसेज किया था।

बीच बीच में वह मोबाइल बंद कर देता था। सर्विलांस सेल की मदद से उसकी लोकेशन ट्रेस कर थाना क्षेत्र के परसौड़ा गांव के पास स्थित एक मंदिर के पास उसे पकड़ लिया गया।

प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि किशोर ने किन्हीं कारणों से नाराज होकर खुद के अपहरण की कहानी रच डाली थी। पहले उसने पुलिस को अपने अपहरण की मनगढंत कहानी बताई, बाद में सच कबूल कर लिया। जिसके बाद उसे उसके अभिभावकों के सुपुर्द कर दिया गया।

हर्रैया के पुलिस क्षेत्राधिकारी शेषमणि उपाध्याय ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि बच्चे को समय रहते बचा लिया गया है। उसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

# कांवड़ियों की सुरक्षा का करें पुख्ता प्रबंध

## कांवड़ यात्रा, कानून व्यवस्था के संबंध में डीआईजी ने बैठक में दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** डीआईजी रेंज आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्रीय कार्यालय पर बस्ती, संतकबीरनगर और सिद्धार्थनगर के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

इस दौरान कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। डीआईजी ने तीनों जनपदों में कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि कांवड़ियों की सुरक्षा व सुविधा को लेकर पुख्ता प्रबंध किए जाएं।

अपराध की समीक्षा करते हुए डीआईजी ने सर्वप्रथम अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाने का निर्देश दिया। चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम के लिए रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण करने,



कांवड़ की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों संग बैठक करते डीआईजी। संवाद

लंबित जन शिकायत एवं आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के कड़े निर्देश दिए।

बैंक व लेनदेन वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों का फोटो लेने तथा प्रतिदिन बैंक ड्यूटी में जाने वाले कर्मचारियों को ड्यूटी ब्रीफ करने जोर दिया। डीआईजी ने कहा कि सांप्रदायिक भावना भड़काने वालों/असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। छोटी से

### बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के एसपी से ली फीडबैक

छोटी बातों का संज्ञान लेने, सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के साथ साथ डिजिटल वालंटियर ग्रुप को अपडेट कर उनके साथ नियमित मीटिंग कर उनका सहयोग लेने का निर्देश दिया।

लंबित विवेचनाओं व फरार आरोपितों की गिरफ्तारी का निर्देश देते हुए कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करते हुए अतिक्रमण हटवाया जाए। बालिका सुरक्षा, मानव तस्करी समेत विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। इस दौरान एसपी बस्ती आशीष श्रीवास्तव, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनंद और एसपी संतकबीरनगर सोनम कुमार मौजूद रहे।

# सास, जेठानी व ननद को आजीवन कारावास की सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

## फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम ने सुनाया फैसला

बस्ती। न्यायालय अपर सत्र एवं फास्ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश अनिल कुमार खरवार की अदालत ने हत्या के मामले में सास, नंद व जेठानी को आजीवन कारावास की सजा सुनाया है।

न्यायाधीश ने दोषियों पर पांच-पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसे अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। शासकीय अधिवक्ता राघवेश प्रसाद पांडेय ने अदालत के समक्ष घटना का वितरण रखा।

उन्होंने न्यायाधीश को बताया कि घटना 16 अगस्त 2018 की है। मुंडेरवा थाना क्षेत्र के विक्रम चौधरी ने अपनी बेटी शांति की शादी घटना से सात साल पहले इसी थाना क्षेत्र के मुरादपुर निवासी योगेंद्र से किया था। शांति को उसकी सास भवानी उर्फ भगवानी, जेठानी सुनीता और ननद पूनम मिट्टी का तेल डालकर जला दिया। शांति के पति जोगेंद्र ने उसे जिला अस्पताल भर्ती कराया। 17 अगस्त 2018 को उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर डॉक्टर ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

शांति के स्थित अधिक खराब होने के कारण उसका बयान नायब तहसीलदार अनिल कुमार रस्तोगी ने दिनांक 16 अगस्त 2018 के शाम बजे ही दर्ज कर लिया था। जिसमें शांति ने अपनी सास, जेठानी व ननद पर जलाने का आरोप लगाया था। शासकीय अधिवक्ता ने मामले को गंभीर बताते हुए अधिक से अधिक सजा देने की अदालत से मांग किया। न्यायधीश ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों का आजीवन कारावास की सजा सुनाया।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में पांच पर केस

**बस्ती**। दुबौलिया थाना क्षेत्र की सिंका देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि बृजेंद्र कुमार निवासी करमपुर बरसाए थाना इब्राहिमपुर थाना अंबेडकर नगर ने धोखे से उनके साथ शादी कर ली। बाद में ससुराल पक्ष ने दहेज की मांग शुरू कर दिया। इसे पूरा न करने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट कर धमकाया गया। पुलिस ने बृजेन्द्र समेत पांच ससुरालियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। संवाद

# काम से लौट रहे युवक की पिटाई

**बस्ती**। शहर कोतवाली के पिकौरा शिवगुलाम मालवीय रोड निवासी फूलमती देवी ने तहरीर में बताया है कि 17 जुलाई की रात करीब 11 बजे उनका बेटा जयराम निषाद मोहल्ले के जिलाजीत की छत लगवा कर लौट रहा था। आरोप है कि इस दौरान मोहल्ले के सूरज निषाद उर्फ पुजारी से कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर बेटे को ईंट, लाठी-डंडे से मारापीटा। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। संवाद

# किसी भी मुसीबत में हेल्पलाइन का लें सहारा : सीओ

## बनकटी ब्लॉक के खड़ौहा स्थित एसडीएस पब्लिक इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम





एसडीएस पब्लिक इंटर कॉलेज खड़ौहा में आयोजित पुलिस की पाठशाला को संबोधित करते दिलीप कुमार सिंह व उपस्थित छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महादेवा।** अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से बनकटी ब्लॉक के खड़ौहा स्थित एसडीएस पब्लिक इंटर कॉलेज में मंगलवार को पुलिस की पाठशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी (सीओ) रुधौली अंबिका राम व विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी लालगंज दिलीप कुमार सिंह से छात्राओं ने खुलकर विचार साझा किए। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि बेटियां सुरक्षा, अधिकार और सम्मान के प्रति सजग रहें।

क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को उनके सामाजिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने महिला अपराध, हेल्पलाइन नंबरों, यातायात नियमों, सोशल मीडिया के प्रयोग व साइबर क्राइम से जुड़ी तमाम बातों को विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि विद्यालय समय से आएं, परिजनों के साथ अपने विचार व मन की बात जरूर बांटें।

इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। अब बेटियों को डरने की जरूरत नहीं है। पुलिस हर कदम पर उनके साथ खड़ी है। बेटियों की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा तमाम योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

उन्होंने हेल्प लाइन नंबर 1090, 112, 10 8, 101 व साइबर हेल्प लाइन 1930 के बारे में छात्राओं को विस्तार से बताया। महिला कांस्टेबल प्रिया मिश्रा व स्वीकृत मिश्रा ने बताया कि आत्मनिर्भर एवं मजबूत बनने के लिए शिक्षा जरूरी है। सूचना तंत्र जितना मजबूत होगा, पुलिस उतना बढ़िया काम करेगी।

उन्होंने एक कविता के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित करने का प्रयास किया। प्रधानाचार्य जीके शुक्ला ने अमर उजाला फाउंडेशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम पुलिस व लोगों के बीच संवाद स्थापित करते हैं। इससे एक दूसरे को जानने और समझने का मौका मिलता है। कार्यक्रम में करीब 140 छात्राओं ने हिस्सा लिया। समापन शिक्षिका प्रतिमा दुबे ने एक गीत गाकर किया।

### छात्राओं ने पूछे प्रश्न तो थाना प्रभारी ने दिए जवाब

**प्रश्न-** कक्षा नौवीं की छात्रा मान्यता ने पूछा कि लोग पुलिस के नाम से इतना डरते क्यों हैं?

**उत्तर-** पुलिस और आमजन के बीच संवादहीनता के कारण पहले ऐसी स्थितियां आती थीं। लेकिन आधुनिक संचार माध्यमों के आने के बाद स्थिति बदल गई है। पुलिस लोगों की मित्र बनकर अपराध को नियंत्रित करने का काम कर रही है।

**प्रश्न-** बारहवीं की छात्रा आराधना पांडेय ने पूछा कि जागरुकता अभियान के बाद भी हमारे अभिभावक हमें बाहर भेजने में असहज क्यों महसूस करते हैं?

**उत्तर-** मां बाप बच्चों की चिंता करते हैं। लेकिन बच्चों को चाहिए कि अपने मां बाप को विश्वास दिलाएं कि वे जहां जा रहे हैं, वहां सुरक्षित रहेंगे।

**प्रश्न-** दसवीं की छात्रा पायल ने पूछा कि दहेज प्रथा कानून के तहत दहेज लेने पर लोगों को दंडित क्यों नहीं किया जा रहा है?

**उत्तर-** समाज में दहेज लेने देने को लोग प्रतिष्ठा से जोड़कर देखते हैं। जब इस पर कोई आपत्ति करता है और पुलिस को सूचना देता है तो हम अनिवार्य रूप से कार्रवाई करते हैं।

**प्रश्न-** स्कूल आने जाने में हमारे पास मोबाइल नहीं होता है तो हम हेल्प लाइन नंबर कैसे डायल करेंगे?

**उत्तर-** हां, यह व्यावहारिक बात है कि स्कूली बच्चों के पास मोबाइल नहीं होती है। यदि उन्हें हेल्प लाइन नंबरों से मदद लेने की जरूरत पड़ती है तो वे अभिभावक या शिक्षकों का मोबाइल का प्रयोग कर सकते हैं।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पर 25 हजार का इनाम

संवाद न्यूज एजेंसी

**विक्रमजोत।** छावनी क्षेत्र की युवती की आत्महत्या के बहुचर्चित प्रकरण में नामजद मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी विनय पांडेय उर्फ मोनू को जो बंदी बनाएगा, पकड़वाएगा या फिर उसके बारे में सही सूचना देगा, उसे 25 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी विनय फरार चल रहा है। मुकदमे में उसके परिवार के तीन अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर पुलिस जेल भेज चुकी है।

आठ जुलाई को छावनी क्षेत्र के एक गांव की 18 वर्षीय युवती ने घर में ही पंखे में दुपट्टे का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जान देने से पहले युवती ने फेसबुक पर एक वीडियो भी पोस्ट किया था। पुलिस ने युवती के घर से उसका स्मार्ट फोन कब्जे में लिया था।

## आरोपी का भाई, मां और पिता पहले ही भेजे जा चुके हैं जेल

## फेसबुक पर वीडियो डालने के बाद आठ जुलाई को युवती ने की थी आत्महत्या

मृतका के पिता ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि गांव के ही रहने वाले युवक विनय ने उनकी बेटी से चोरी-छिपे शादी कर ली थी। बाद में शादी का फोटो वायरल करने की धमकी देकर विनय के घरवाले दबाव बनाने लगे। आरोप है कि इसी बात से सदमे में आकर युवती ने फांसी लगा ली थी। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने विनय उर्फ मोनू, उसके भाई सूरज, पिता हरिश्चंद्र और मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। 11 जुलाई को सूरज, हरिश्चंद्र समेत तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि विनय तब से फरार है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

संवाद न्यूज एजेंसी

## लालगंज पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

## गर्भपात कराने व दहेज की मांग कर शादी से किया इन्कार

**बस्ती।** शादी का झांसा देकर लालगंज क्षेत्र की एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि गर्भ ठहरने पर गर्भपात कराया गया और दहेज को लेकर शादी से इन्कार कर दिया। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी राजेश यादव समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की तफ्तीश शुरू कर दी गई है।

बाइस वर्षीय युवती ने थाने में तहरीर दी कि कप्तानगंज क्षेत्र के रहने वाले राजेश यादव ने उसके शादी करने का झांसा दिया। इसका फायदा उठाकर उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई तो दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। पीड़िता के मुताबिक उसने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी के घरवाले शादी में दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि इसके बाद राजेश ने परिवारवालों की रजामंदी से शादी से मना कर दिया। लालगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर राजेश के अलावा उसके भाई सुरेश यादव, श्याम बचन, मां कुशलावती समेत आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा कायम कर जांच शुरू कर दिया है।

पर आधारित भाषण, चित्रकला एवं

# पुलिस से बेहतर समन्वय बनाएं व्यापारी : रामकृष्ण

## प्रभारी निरीक्षक ने व्यापारियों के साथ की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**रूधौली।** मंगलवार देर शाम प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने रुधौली कस्बे के व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें व्यापारियों का पुलिस से बेहतर समन्वय बनाने व कावड़ यात्रा के बिंदुओं पर चर्चा की गई।

प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि कोई भी समस्या होने पर किसी को चाहे वह आम नागरिक हो या व्यापारी, किसी को माध्यम लेकर आने की आवश्यकता नहीं है। वह स्वयं आकर सीधे तौर पर हम से अपनी बात या समस्या रख सकता है जिसका त्वरित निस्तारण हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

इसके अलावा किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा घटना की सूचना तत्काल थाने पर आकर कोई भी व्यक्ति दे सकता है पुलिस द्वारा उसकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी। कहा कि जिन व्यापारियों की दुकान के सामने सीसी कैमरे लगे हैं, वह कैमरे का रुख थोड़ा सड़क की ओर भी कर दें। जिससे कि अपराध नियंत्रण में मदद मिल सके।

बैठक में मौजूद भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय नारायण तिवारी, ओमनाथ सोनी, सुशील कुमार पांडेय, राम उग्रह जायसवाल, कृष्ण कुमार गुप्ता, आदित्य जायसवाल, रत्नेश शर्मा, दुर्गेश सोनी, रवि जायसवाल, सुजीत सोनी, श्याम मिलन मोदनवाल, शुभम मोदनवाल, संजय सोनी आदि ने भी प्रभारी निरीक्षक के निर्देशों पर सहमति जताते हुए अपनी बात रखी।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

# नदी में डूब रहे युवकों की जान बचाने वाले दोनों आरक्षियों को एसपी ने किया सम्मानित

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)**। डुमरियागंज थाना क्षेत्र में स्थित राप्ती में नदी में स्नान करने के वाद जल भरने के दौरान डूब रहे दो युवकों की जान बचाने वाले डुमरियागंज थाने में तैनात आरक्षी चंदन सिंह व संदीप यादव को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें 1-1 हजार रुपये नगद व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नदी ने डूब रहे धर्मपाल पुत्र पुजारी अग्रहरि व सूरज अग्रहरि पुत्र शिवपूजन अग्रहरि की जिस बहादुरी व साहस का परिचय देते हुए नदी में कूदकर जान वचाने का कार्य पुलिस के दोनो जवान चंदन सिंह व संदीप यादव किया गया है। इस सरहानीय कार्य का क्षेत्र में भूरि भूरि प्रसंशा किया जा रहा है।पुलिस अधीक्षक ने दोनों जवानों के उज्जवल भविष्य की कामना करते की तथा निकट भविष्य में भी आप दोनों इस प्रकार से अपने उच्च कोटि के साहस,कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते रहेगें।

# दवा व्यवसायी साइबर क्राइम का शिकार

- **इटवा के बेनीनगर निवासी व्यवसायी को** 35 **हजार का नुकसान**
- **गुजरात की दवा एजेंसी को आनलाइन भुगतान के बाद भी नहीं पहुंची दवा**

**जागरण संवाददाता, इटवा, सिद्धार्थनगर :** बेनीनगर निवासी एक दवा व्यवसायी साइबर ठगी का शिकार हो गया। व्यवसायी ने गुजरात स्थित दवा की एजेंसी से करीब 35 हजार रुपये की दवा बुक कराई। पैसे का भुगतान भी आनलाइन कर दिया, पर दवा की डिलेवरी नहीं की गई। बुकिंग करने वाले ने अब अपना फोन नंबर भी बंद कर लिया है।

अब पीड़ित ने संबंधित थाने और साइबर क्राइम सेल में अपनी शिकायत दर्ज कराकर गुहार लगाई है। इटवा थाना के बेनीनगर निवासी विजय कुमार मिश्र ने बताया कि उनका चौखड़ा में मेडिकल स्टोर है। पिछले दिनों 18 मई 2022 को ध्रवी फार्मा एजेंसी गोटा गुजरात से 35 हजार रुपये की दवा बुक कराई। जिसकी डिलेवरी 21 मई को होनी थी। फोन पे के माध्यम से पूरे पैसा का भुगतान भी कर दिए। जबकि निर्धारित तिथि को दवा नहीं आई तो बुकिंग करने वाले को फोन किए, उन्होंने कहा कि दवा रास्ते में है, दो दिन में पहुंच जाएगी। इसके बाद फोन बंद कर दिया। जिस चालक का नंबर दिए थे, उसका मोबाइल नंबर आफ आने लगा। जिससे उनको लगा कि उनके साथ धोखाधड़ी हो रही है। प्रभारी निरीक्षक इटवा बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि मामला पुराना है, जो संज्ञान में है। पीड़ित से कहा गया था कि इसकी शिकायत साइबर सेल में करें, जहां पर शिकायत की गई और उसकी जांच भी चल रही है। जो भी आगे की कार्रवाई है, वह वहीं से होनी है।

# युवकों को बचाने वाले सिपाही सम्मानित

- जलाभिषेक के लिए जल भरने के दौरान डूब रहे थे युवक
- एसपी ने कार्यालय में प्रशस्तिपत्र व नगद देकर किया सम्मान



राप्ती नदी में डूब रहे दो युवकों को बचाने वाले दोनों पुलिस कर्मियों को मंगलवार को एसपी अमित कुमार आनंद ने प्रशस्तिपत्र के साथ नकद पुरस्कार दिया।

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। सोमवार को सावन का पहला सोमवार था। जलाभिषेक करने के लिए डुमरियागंज थाना क्षेत्र के भटंगवा गांव निवासी दो युवक राप्ती नदी में जल भरने के दौरान डूबने लगे थे। साहसी दो सिपाहियों ने नदी में छलांग लगाकर दोनों युवकों को बचा लिया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को दोनों सिपाहियों को कार्यालय में बुलाकर प्रशस्तिपत्र के साथ नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

राप्ती नदी में भंटगवा निवासी धर्मपाल पुत्र पुजारी अग्रहरि व सूरज अग्रहरि पुत्र शिवपूजन अग्रहरि जल भरने के दौरान गहरे पानी में चले गए थे और डूबने लगे थे। युवकों को डूबता देख डुमरियागंज घाट पर चीखपुकार मच गई थी लेकिन कोई भी बचाने को नदी में उतरने को तैयार नहीं दिखा था। ऐसे में ड्यूटी कर रहे सिपाही संदीप यादव व चंदन सिंह ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए नदी में छलांग लगा दी थी और दोनों युवकों को सहीसलामत बाहर निकाल लाए थे।

मंगलवार को एसपी ने दोनों सिपाहियों को पुलिस कार्यालय बुलाकर प्रशस्तिपत्र के साथ एक हजार रुपये का नकदी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। एसपी ने साहसी सिपाहियों की सराहना करते हुए कहा कि आशा करता हूं कि आप दोनों भविष्य में भी उच्चकोटि के साहस, कर्त्यव्य निष्ठा का परिचय देते हुए पुलिस विभाग में निरंतर अपना महत्वपूर्ण योगदान देते रहेंगे।

# राप्ती में डूब रहे युवकों को बचाने वाले सिपाही सम्मानित

जासं, सिद्धार्थनगर : पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में दो आरक्षियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सिपाहियों ने अपनी जान पर खेल कर राप्ती में डूब रहे दो युवकों को बचाया था। इन्हें एक-एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार भी दिया। सम्मानित होने वाले आरक्षियों का नाम डुमरियागंज थाना में तैनात संदीप यादव व चंदन सिंह है।

# चार आरोपियों की जमानत खारिज

**सिद्धार्थनगर।** फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनवाई करते हुए विभिन्न मामले में आरोपी बनाए गए चार लोगों की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए वित्तीय अनियमितता के मामले में बर्डपुर के पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार पासवान और लेखाकार राजकिशोर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके अलावा खेसरहा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी आरोपी संदीप कुमार उर्फ रिंकू और उसके साथी की जमानत खारिज कर दी। बांसी क्षेत्र में दहेज हत्या में आरोपी पति ओम व्यास की भी जमानत याचिका कोर्ट ने खारिज कर दी। संवाद

# महिला से मारपीट करने पर दो पर मुकदमा

**जासं,शोहरतगढ़:** कोटिया पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम बनचौरा में सोमवार को शाम छह बजे बकरी को लेकर कहासुनी में गांव के दो युवकों ने 65 वर्षीय महिला से लाठी-डंडे से पीट दिया । जिससे महिला का सिर पर काफी चोटे आई हैं। बनचौरा निवासी हसन बीबी ने तहरीर देकर बताया कि सोमवार शाम छह बजे गांव के सिवान से बकरी लेकर आ रही थी। जैसे ही गांव में पहुंची तभी गांव गोलू व सरजू ने मुझे कहने लगे कि मेरे खेत की तरफ से बकरी क्यों लेकर गई। उसके बाद मुझे दोनों ने मुझे डंडे से पीटने लगे।

# युवकों को बचाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज थाना क्षेत्र के राप्ती नदी के घाट पर सोमवार को डूब रहे दो युवकों को बचाने वाले आरक्षी संदीप यादव और चंदन सिंह ने बचाया था। एसपी अमित कुमार आनंद ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में दोनों जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। संवाद

# दलित उत्पीड़न में अभियुक्त निर्दोष घोषित, जेल से रिहा

## 14 वर्ष बाद मिला न्याय बांसी कोतवाली में 2008 में दर्ज हुआ था केस

सिद्धार्थनगर। दलित उत्पीड़न एवं मारपीट का अभियुक्त मंटू उर्फ मो. इरशाद को 14 वर्ष बाद न्याय मिला है। न्यायाधीश अशोक कुमार ने अभियुक्त को दोषमुक्त करार दिया।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के नरकटहा निराला नगर निवासी निवासी शैलेंद्र कुमार ने 20 मई 2008 को मंटू उर्फ इरशाद के खिलाफ दलित उत्पीड़न एवं मारपीट का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर बांसी कोतवाली में मारपीट एवं दलित उत्पीड़न के तहत केस दर्ज किया गया।

पुलिस ने मामले की विवेचना कर चार्जशीट न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने अपराध का संज्ञान लेकर सुनवाई शुरू की, तथ्यों के आधार पर उसे दोषमुक्त करार दे दिया गया। संवाद

# तालाब की भीट से कब्जा हटवाया

संवाद न्यूज एजेंसी

**शोहरतगढ़।** पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम ने गुजरौलिया खालसा में सोमवार शाम तालाब की भीट से कब्जा हटवाया। दोबारा कब्जा करने पर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी।

एसडीएम उत्कर्ष श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के गुजरौलीय खालसा के तालाब के भीट पर गांव के हंसराज और ज्ञानदास ने कब्जा कर लिया था। गांव वालों ने शिकायत की थी।

जांच में मामला सही पाया गया। सोमवार शाम को चिल्हिया पुलिस की सहायता से राजस्व टीम ने कब्जा हटवाया।

एसडीएम ने कहा कि अगर कोई दोबारा कब्जा करता है तो उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-07-2022

# चोरी की बाइक बरामद अभियुक्त गिरफ्तार




**बखिरा (एसएनबी)।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में बखिरा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय-जेल भेज दिया। उप निरीक्षक हरेंद्र पाठक चौकी प्रभारी बखिरा ने बताया कि 18 जुलाई को वह हमराही हेड कांस्टेबल रंजीत कुमार चौधरी व कांस्टेबल सत्यम सिंह के साथ क्षेत्र में देखभाल गस्त पर थे। इसी दौरान सिटीहटीकर नहर पुलिया के पास एक मुखबिर ने बताया कि अजय सिंह पुत्र विशंभर निवासी ग्राम सिहटीकर कहीं से चोरी की मोटरसाइकिल लाए हैं अपने कटरा में रखे हैं। दोनों मोटरसाइकिल अभी भी उसके पास है। सूचना को गंभीरता से लेकर हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचा तो एक व्यक्ति चादर से मोटरसाइकिल को ढक रहा था। उसे पकड़ लिया गया पूछताछ में उसने अपना नाम अजय सिंह पुत्र विशंभर सिंह निवासी ग्राम सिहटीकर थाना बखिरा बताया। आरोपी ने बताया कि मोटरसाइकिल नंबर यूपी 58 जे 7732 हीरो स्प्लेंडर प्रो. उसका है तथा दूसरी मोटरसाइकिल नंबर यूपी 53 बीएल 2147 हीरो स्प्लेंडर प्रो. गोरखपुर शहर से चोरी करके लाया है। जिसका नंबर प्लेट पकड़े जाने के डर से हटा दिया है। जांच के दौरान ज्ञात हुआ कि यूपी 53 बीएल 2147 पर दूसरा इंजन रखा गया है। अभियुक्त ने बताया कि चुराई हुई मोटर साइकिल का इंजन में अपने मोटर साइकिल में लगा दिया हूं और अपनी गाड़ी का इंजन चोरी करने वाली मोटर साइकिल में लगा दिया हूं। चूंकी चोरी वाले गाड़ी का इंजन अभी नया था और सोचा था कि पकड़ में भी नहीं आएगा लेकिन आप लोगों ने मेरे कृत्यों को पकड़ लिया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय-जेल रवाना किया।

# छेड़खानी का विरोध करने पर छात्रा की पिटाई, आरोपी नामजद

**धनघटा (एसएनबी)।** धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा के स्कूल से वापस घर जाने के दौरान एक युवक द्वारा उसे रास्ते में घेरकर छेड़खानी करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि छात्रा ने जब आरोपी युवक के इस कृत्य का विरोध किया तो आरोपी ने उसे मारने-पीटने के साथ जानमाल की धमकी भी दी। घर पहुंचकर छात्रा ने घटना के बारे में परिजनों को जानकारी दी तो परिजन छात्रा को लेकर मंगलवार को धनघटा थाने पहुंच गए और आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस को लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित छात्रा के पिता ने बताया कि उसकी 17 वर्षीय बेटी धनघटा स्थित एक कालेज में पढ़ती है। सोमवार को दोपहर में बेटी कालेज से घर साइकिल से जा रही थी। रास्ते में थाना क्षेत्र के मलौली गांव निवासी विजय नामक युवक ने छात्रा को घेरकर रोक लिया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी करने लगा। छात्रा ने आरोपी के इस कृत्य का जब विरोध किया तो आरोपी युवक छात्रा को मारने-पीटने के साथ उसे जानमाल की धमकी देने लगा। छात्रा के शोर मचाने पर तमाम लोग मौके पर एकत्र होने लगे तो आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। घटना की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 354,323,506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि छात्रा को महिला पुलिसकर्मी की अभिरक्षा में चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। जल्द ही नामजद आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**धनघटा थाना क्षेत्र के कटार मिश्र गांव का है मामला**

# डेढ़ माह बाद भी युवती की बरामदगी नहीं

**बखिरा (एसएनबी)**। क्षेत्र की एक युवती को बीते तीस मई को धर्म परिवर्तन के वास्ते एक युवक बहला फुसलाकर  भगा ले गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। लेकिन डेढ माह बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक युवती का पता नहीं लगा सकी है। तहरीर मे युवती के पिता ने बताया है कि 30 मई की दोपहर में मौका पाकर गांव का एक युवक उसकी 25 वर्षीया लड़की को धर्मपरिवर्तन व शादी के लिए विवश करके बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। युवती साथ मे एक लैपटॉप, जेवरात व नगदी भी साथ मे लेकर गई है। आसपास व रिश्तेदारी में काफी तलाश के बाद भी लड़की का कहीं पता नहीं चल सका। एसओ अनिल सिंह ने बताया कि युवती का पता लगाया जा रहा है।

# बलबा, तोड़फोड, मारपीट और चोरी के आरोप में आधा दर्जन नामजद

**धनघटा (एसएनबी)** । धनघटा थाना क्षेत्र के कटार मिश्र गांव में पूर्व में चन्दा मांगने को लेकर हुए विवाद में मंगलवार को धनघटा पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के खिलाफ बलवा, घर में घुसकर तोड़फोड़ और मारपीट करने तथा चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया कोर्ट के आदेश पर पूरी की है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के कटार मिश्र गांव निवासी सद्दाम हुसेन पुत्र शेख अहमद ने बताया कि बीते 14 अप्रैल 2022 को गांव निवासी गुलजार पुत्र कमरूजमा उसके घर चन्दा मांगने के लिए गया था। उसी दौरान चन्दा देने को लेकर हुए वाद विवाद के दौरान गुलजार गाली देने लगा जिसका विरोध करने पर जानमाल की धमकी देते हुए तत्काल तो उक्त गुलजार चला गया लेकिन बाद में अपने सहयोगी कमरूदीन व कमरूजमा पुत्रगण ताज मोहम्मद, असलम पुत्र कमरूदीन, हमीदरजा पुत्र वहीदुल्लाहसन, कमरूदीन तथा कमरूजमा की पत्नी नाम अज्ञात के साथ दुबारा दरवाजे पर चढ़ गए और घर में घुसकर उसके पिता शेख अहमद को मारपीट कर घायल कर दिए साथ ही घर में रखा वर्तन आदि तोड़कर नष्ट कर दिए। इतना ही नहीं हमलावर घर में रखा खाद्यान भी उठा ले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उक्त सभी हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147,323,504, 506,452, 427, 379 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# घर में घुसकर मनबढ़ों ने युवक को पीटा, चार नामजद

**धनघटा (एसएनबी)** । धनघटा थाना क्षेत्र के कनैला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ मनबढ़ों ने एक घर में घुसकर युवक की पिटाई कर दिया। घायल युवक को लेकर परिजन धनघटा थाने पहुंचे जहां घायल की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर घायल को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के कनैला गांव निवासी गुजराती देवी पत्नी स्व. भरत ने बताया कि गांव निवासी कृष्णचन्द्र पुत्र संतलाल के परिवार से पुरानी रंजिश चल रही है। उसी रंजिश को लेकर मंगलवार की सुबह विपक्षी कृष्णचन्द्र व वीरेन्द्र पुत्रगण संतलाल, ज्ञानसिंह पुत्र बाढ़ू तथा रोहित पुत्र ज्ञानचन्द लाठी-डण्डा से लैश होकर दरवाजे पर चढ़ गए और भद्दी-भद्दी गाली बेटे पवन पुत्र स्व. भरत को देने लगे। गाली देने का जब बेटे पवन ने विरोध किया तो उक्त सभी बेटे को मारने के लिए दौड़ा लिए। जान बचाने के लिए बेटा भागकर घर के भीतर छिपने का प्रयास करने लगा तो उक्त विपक्षी घर में घुस गए और बेटे को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 452,323,504 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मजदूर की पिटाई करने पर युवक के खिलाफ एससी-एसटी का मुकदमा

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के टुम्पार ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्य को गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा मंगलवार को रोकने को लेकर मजदूर और उक्त ग्रामीण के बीच कहासुनी हो गई धीरे-धीरे यह कहासुनी मारपीट में बदल गई। मजदूर की तहरीर पर महुली पुलिस ने आरोपी ग्रामीण के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी और घायल मजदूर को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सीएचसी नाथनगर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के टुम्पार गांव में मनरेगा के तहत नाला निर्माण कार्य प्रगति पर था। इस कार्य क्रो टुम्पार गांव के रहने वाले लल्लन सिंह ने विरोध करते हुए रोकने का प्रयास किया। इस पर मनरेगा में काम कर रहे मजदूर बिरजा पुत्र भरत निवासी टुम्पार ने लल्लन का विरोध किया तो लल्लन सिंह ने बिरजा को गाली देते हुए पहले तो उसकी पिटाई कर दीं और फिर बाद में जानमाल की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर उसे भगा दिया। मजदूर ने महुली पुलिस को दी गई तहरीर में उपरोक्त घटनाक्रम से महुली पुलिस को अवगत कराया और आरोपी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की। बिरजा की तहरीर के आधार पर महुली पुलिस ने आरोपी लल्लन सिंह पुत्र हरिराम सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 504, 506 एससी-एसटी एक्ट 3 (1) द तथा 3 (1) ध के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी धनघटा रामप्रकाश ने इस संबंध में बताया कि शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# शांतिभंग में 25 गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने अभियान चलाकर अशांति फैलाने वालों के विरुद्ध मंगलवार को सख्त कार्रवाई की।कुल 25 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। खलीलाबाद पुलिस ने तीन, धनघटा पुलिस ने 7, महुली पुलिस ने दो, बेलहर कला पुलिस ने 13 अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

# 29 वाहनों का किया चालान

संतकबीरनगर। जिले की पुलिस ने यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को 29 वाहनों का चालान किया। इनसे 20 हजार 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूल की। यातायात पुलिस के साथ ही सभी थानों की पुलिस ने एक साथ अभियान चलाया।

# मारपीट में घायलों को पहुंचाया अस्पताल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने मारपीट के घायलों को इलाज के लिए पहुंचाया।

पीआरवी 1490 को थाना धनघटा क्षेत्र के कनैला गांव से मारपीट और विवाद के दौरान तीन व्यक्तियों के घायल होने सूचना मिली। तत्काल बाद पीआरवी टीम मौके पर पहुंची। विवाद को शांत कराते हुए घायल अंशु पुत्री ज्ञान, रोहन रितिक पुत्रगण राजेश्वर निवासी कनैला को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मलौली भेजवाया।

# चोरी की दो बाइक संग आरोपी गिरफ्तार

- बखिरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई
- चोरी की बाइक छिपाने की सूचना पर तत्काल की कार्रवाई

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के सिहटीकर स्थित एक कटरे में चल रही दुकान से सोमवार की शाम पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की। चौकी इंचार्ज हरेंद्र पाठक ने आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक और बाइक बरामद किया। इस मामले में बखिरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चोरी, चोरी की बाइक रखने, छल करने व धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

*बखिरा चौकी इंचार्ज* हरेंद्र पाठक ने बताया कि सोमवार की देर शाम करीब 8 बजे सिहटीकर नहर पुलिया पर हेड कांस्टेबल रंजीत कुमार व कांस्टेबल सत्यम सिंह के साथ मौजूद थे। इसी दौरान एक चोरी की बाइक को छिपाने की जानकारी मिली। तत्काल सिहटीकर पहुंचकर घेराबंदी किया गया। आरोपी व्यक्ति अपनी दुकान में रखे चोरी की बाइक पर चादर डालकर ढंक रहा था। मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि एक बाइक उसकी है, जबकि दूसरी बाइक गोरखपुर से चुरा कर लाया था। चुराई गई बाइक का इंजन अपनी पुरानी बाइक में लगा लिया था। बाइक का नम्बर सर्च करने पर कोतवाली गोरखपुर निवासी अशोक आर्या का नाम सामने आया।

पूछताछ में अशोक आर्या ने बताया कि सात अगस्त 2021 को चोरी हुई



सोमवार की शाम को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा गया आरोपित। • हिन्दुस्तान

> सिहटीकर निवासी अजय सिंह को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया था। उसे जेल भेज दिया गया है। मामले की जांच में तथ्य सामने आने पर आगे की कार्रवाई होगी।
>
> -अनिल सिंह, थानाध्यक्ष, बखिरा

# हत्या के मामले में दो दोषियों को उम्रकैद की सजा

- दोनों पर एक लाख बीस हजार का अर्थदण्ड
- अपर जनपद एवं सत्र जज ने सुनाया फैसला

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वशिष्ट की कोर्ट ने हत्या के दो आरोपितों को उम्रकैद की सजा सुनाई।

कोर्ट ने आरोपी पूर्णमासी एवं इंदू देवी पर सजा के अलावा 60-60 हजार कुल एक लाख 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया है। अर्थदण्ड का भुगतान न करने पर आरोपितों को एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिमन्यु पाल ने बताया कि मामला मेंहदावल थानाक्षेत्र के ग्राम नौगो का है। प्रकरण में मृतका के पति फौजदार ने अभियोग पंजीकृत कराया था। अभियोग गुमशुदगी का लिखाया गया था। विवेचना के दौरान मामले का पर्दाफाश हुआ। गिरफ्तार आरोपितों की निशानदेही पर शव की बरामदगी हुई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी ने बताया कि अवैध संबंधों के चलते मृतका की बहू इंदू देवी पत्नी चन्द्रभान ने अपने प्रेमी पूर्णमासी पुत्र अदालत निवासी नौगो के साथ मिलकर सास केवती देवी की हत्या कर दी। अवैध संबंधों को लेकर मृतका केवती देवी की बहू से तकरार होती थी। इसी के चलते बहू ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर दिनांक 11 अप्रैल 2008 को प्लास्टिक की रस्सी से गला कस करके अपने सास की हत्या कर दी और शव को छुपा दिया। आरोपितों की निशानदेही पर ही पुलिस ने शव बरामद किया। विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया।

# चोर गिरफ्तार, दो बाइक बरामद

जासं, बखिरा : बखिरा पुलिस ने मंगलवार को सिहटीकर गांव स्थित पुलिया के पास से चोरी की बाइक के साथ एक चोर को गिरफ्तार किया। सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चौंकाने वाली जानकारी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके आरोपित को जेल भेज दिया। बखिरा पुलिस चौकी के प्रभारी हरेंद्र पाठक सिपाही रंजीत कुमार व सत्यम के साथ सूचना मिलने पर मंगलवार की सुबह सिहटीकर गांव स्थित पुलिया के पास पहुंचे। जांच करने पर पाया कि सिहटीकर गांव निवासी अजय सिंह का यही पर मकान है।

वह चोरी की बाइक घर में रखता है। अजय चोरी की बाइक को हटाने की कोशिश में लगा था। इसी दौरान उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से दो बाइक बरामद की गईं।

# दो पुलिस कर्मियों पर पेड़ कटवाने का लगाया आरोप

जासं, धनघटा : धनघटा थाना के मल्लहेपुर गांव निवासी पूनम पत्नी अनिल ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें उसने जगदीशपुर पुलिस चौकी के दो पुलिसकर्मियों पर पेड़ कटवाने में पट्टीदारों का सहयोग करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि उसकी निजी भूमि पर पेड़ लगे थे।

# चोरी की बाइक के साथ दुकान मालिक गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

बखिरा। सिंहटीकर स्थित एक दुकान से सोमवार देर शाम पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ दुकान मालिक को गिरफ्तार किया। बरामद बाइक गोरखपुर से चोरी हुई थी। पकड़े जाने के डर से बाइक का नंबरप्लेट हटा दिया था।

आरोप है कि खुद की बाइक का इंजन चोरी की बाइक और चोरी की बाइक का इंजन खुद की बाइक में लगा दिया था।

एसओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बखिरा चौकी इंचार्ज हरेंद्र पाठक ने हेड कांस्टेबल रंजीत कुमार और कांस्टेबल सत्यम सिंह के साथ सिंहटीकर निवासी अजय सिंह की दुकान पर छापा मारा। मौके पर दो बाइक मिली।

## पकड़े जाने के डर से हटा दी थी बाइक की नंबर प्लेट

अजय ने बताया कि एक बाइक उसकी है। दूसरी बाइक गोरखपुर से चोरी की गई है। पूछताछ में उसने बताया कि चोरी की बाइक के इंजन को निकालकर अपनी बाइक में लगा दिया है। जबकि अपनी बाइक का इंजन चोरी की बाइक में लगाया है।

मोबाइल एप से चोरी की बाइक का नंबर सर्च किया तो पता चला कि बाबीना रोड, कोतवाली गोरखपुर निवासी अशोक कुमार आर्या के नाम पर है। संपर्क करने पर अशोक आर्या ने बताया कि उसकी बाइक सात अगस्त 2021 को चोरी हुई थी। कोतवाली गोरखपुर में मुकदमा भी दर्ज है।

चौकी इंचार्ज हरेंद्र पाठक की तहरीर पर आरोपी अजय सिंह के खिलाफ चोरी की बाइक बरामद होना और जालसाजी का केस दर्ज किया गया है।

# हत्या में महिला व प्रेमी को आजीवन कैद

संतकबीरनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ने सास की हत्या में दोषी बहू और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।
60 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न अदा करने पर एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि मेंहदावल क्षेत्र के नौगों की रहने वाली केवती देवी की 11 अप्रैल 2008 को रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की वजह केवती देवी की बहू इंदू देवी का गांव के पूर्णमासी से अवैध संबंध था।

इस मामले में बहू इंदू देवी और पूर्णमासी के खिलाफ हत्या कर शव छिपाने का केस दर्ज हुआ था। एसआई रामचेत सिंह ने मुकदमे की विवेचना कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। न्यायालय ने हत्या की दोषी बहू इंदू देवी और उसके प्रेमी पूर्णमासी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

# रास्ते के विवाद में हुई मारपीट, चार पर केस

धानेपुर। खनवापुर गांव में मंगलवार की सुबह रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष को एक व्यक्ति को गंभीर चोटें आई है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर के मजरा खनवापुर के रहने वाले बृजेंद्र शर्मा के मुताबिक रास्ते के विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह गांव के ही रहने वाले कुछ लोग लाठी, डंडा व कुल्हाड़ी से लैस होकर उनके घर में घुस आए और उन पर हमला कर दिया। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं।

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर एक महिला समेत चार आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मोतीगंज पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

गोण्डा। मोतीगंज थाने की पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। पुलिस का कहना है कि थाना क्षेत्र के मंगरावा निवासी जुगुलदत्त पुत्र रामअचल ने गांव के युवक को भूमि विवाद की रंजिश में मारा पीटा था। साथ ही उसे आत्महत्या के लिए प्रेरित किया था। हालांकि पीड़ित परिवार इस मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग कर रहे हैं। इस सम्बन्ध में उन्होंने एसपी आफिस में शिकायत भी की है।

# शिक्षिका के अपहरण के आरोपी का अकाउंट फ्रीज

नवाबगंज, संवाददाता। शिक्षिका को जबरिया उठाए जाने की घटना के चार दिन गुजर जाने के बाद भी कोई पता नहीं चल सका है। वहीं आरोपी प्रशान्त भी पुलिस पकड़ से दूर है। अलबत्ता पिछले दो दिनों में सख्ती दिखाते हुए पुलिस ने आरोपी की जिम को सील कर दिया है और उसके तीन बैंक खातों को मंगलवार को फ्रीज कर दिया है।

बताया जाता है कि प्रशान्त और शिक्षिका का मोबाइल बंद रहने से उसके लोकेशन का पता लगा पाना कठिन हो गया है। बीते चौबीस घंटे में मामले मे गठित पुलिस टीम द्वारा शिक्षिका के साथ ई रिक्शा पर मौजूद अन्य स्कूल स्टाफ से पूछताछ की गई है। आरोपी के निकट सम्पर्क में रहे दो लोगों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस इस मामले में हाथ-पैर मार रही है है लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है।

# बेटियां न हों गुमराह, खाकी बनेगी हमराह

- थाना व गांववार बनेगी महिला कर्मियों की टीम, बेटियों को करेंगी जागरूक
- अभियान के बावजूद बढ़ रहे हैं महिला संबंधी अपराध

**संस, गोंडा :** किशोरियों और युवतियों को गुमराह कर शारीरिक शोषण के बढ़ते मामले को देखते हुए पुलिस ने प्लान तैयार किया है। जल्द ही थाना व गांववार महिला पुलिस कर्मियों की टीम गठित की जाएगी। यह टीम गांव-गांव व विद्यालयों में जाकर बेटियों को जागरूक कर उन्हें सजग किया जाएगा। किसी के बहकावे व लालच में न फंसने के तौर- तरीके बताए जाएंगे।

शिक्षा व रोजगार से जुड़ने के टिप्स देकर उनके अधिकार बताए जाएंगे। बीते चार माह में गुमराह कर शारीरिक शोषण किए जाने के 16 मामले सामने आ चुके हैं। इसके अतिरिक्त अपहरण जैसे मामले भी दर्ज किए गए हैं।

मिशन शक्ति अभियान के बावजूद महिला संबंधी अपराध बढ़ रहे हैं। इसे लेकर बेटियों को जागरूक करने का खाका पुलिस तैयार कर रही है। गांव व मुहल्लावार गठित पुलिस की यह टीम बेटियों की हमराह बन उन्हें जागरूकता का पाठ पढ़ाएगी। साथ ही उन्हें स्वावलंबन की सीख देगी। आरोपितों ने किसी को रोजगार दिलाने के नाम पर तो किसी से विवाह करने का वादा उनका शारीरिक शोषण किया। बाद में आरोपितों की पोल खुलने के बाद पीड़त बेटियों व महिलाओं की राह कठिन हो जाती है। इन्हीं सब को लेकर पुलिस अधीक्षक ने महिला कर्मियों की टीम गठित कर बेटियों की सखी बन उन्हें जागरूक करने का प्लान तैयार किया है।

पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने कहा कि महिला पुलिस कर्मियों की टीम युवतियों को जागरूक करेंगी। जागरूकता से महिला संबंधी अपराध में कमी आएगी।

# चार वाहनों को किया सीज, 54 चालकों का चालान

**संस, गोंडा :** परिवहन व पुलिस विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया। ओवरलोडिंग सहित अन्य गड़बड़ी मिलने पर चार वाहनों को सीज किया गया है। इसके अलावा मनमानी फर्राटा भरने पर 54 चालकों का चालान किया गया है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी बबिता वर्मा ने कहा कि विभिन्न मार्गों पर चेकिंग की गई। 14 वाहन चालकों का चालान किया गया। पौने दो लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। आरटीओ कार्यालय में एकमुश्त समाधान योजना को लेकर वाहन स्वामियों की बैठक बुलाई गई।

एआरटीओ ने कहा कि 27 जुलाई तक छूट के लिए आवेदन करें। निर्धारित तिथि बीतने के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। इस दौरान यात्री कर अधिकारी शैलेंद्र तिवारी, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक संजय कुमार मौजूद रहे।

आर्यनगर : कौड़िया थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम व चौकी प्रभारी मानवेंद्र सिंह की अगुवाई में गोंडा-बहराइच मार्ग पर चेकिंग की गई। 40 वाहन चालकों का ई चालान किया गया। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वृद्ध जनों को वितरित की सामग्री

गोंडा। पंतनगर स्थित वृद्धाश्रम में बीते सोमवार को डायल 112 के कर्मियों ने बिस्किट, कपड़े सहित अन्य आवश्यकता की सामग्री वितरित की। वृद्ध जनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। प्रशिक्षक हरिशंकर ओझा, उप निरीक्षक अमरेंद्र कुमार बरनवाल, अमर सिंह, अभय मौर्य, राहुल यादव, शशिबाला, रुचि यादव, रूबी सिंह मौजूद रहे। (संवाद)

# मारपीट में दो गिरफ्तार

आर्यनगर : मारपीट करने के आरोप में कौड़िया के काशीराम पुरवा भैसहा गांव निवासी मुहर्रम अली व नफीस को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मदन लाल गौतम ने कहा कि मारपीट के मामले में आरोपितों की तलाश की जा रही थी। (संसू)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

# 36 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

जरवा। थाना कोतवाली जरवा के बघेलखंड चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत बनगाई में 36 वर्षीय प्रीति गौतम पत्नी ननकू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बघेलखंड उपनिरीक्षक रामकुमार वर्मा, रमन वर्मा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

# दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली गैसड़ी पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना किया गया है। यह जानकारी देते हुए तुलसीपुर प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह चौहान ने बताया कि आर्म्स एक्ट के अभियुक्त बद्री यादव को तथा एक मामले में सईद पुत्र अजीज अहमद निवासी गैसड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हत्या के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली उतरौला पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि हत्या से संबंधित मुकदमे में वृक्ष कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट भेज दिया है।

हिन्दुस्तान

## जागरूकता

बलरामपुर। नारी सुरक्षा व नारी सम्मान के लिए सरकार प्रयासरत है। महिलाओं को स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के लिए मिशन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बिना डरे अपराध के प्रति महिलाएं आवाज उठाएं।

यह बातें थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज ने कही। थानाध्यक्ष पुलिस टीम के साथ कोड़री पुल पर मंगलवार को मिशन जागरूकता अभियान के तहत ग्रामीणों को जागरूक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एंटी रोमियो टीम विभिन्न क्षेत्रों में तलाशी अभियान चला रही है। पीड़ित हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देकर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कांस्टेबल रणविजय सिंह ने कहा कि वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना देकर तत्काल सहायता ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन ने थाना कोतवाली देहात पर महिला हेल्प डेक्स की व्यवस्था की है। वहां जाकर पीड़ित प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगा सकते हैं। इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर में प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे के नेतृत्व में मोहल्ला पूरब टोला में जागरूकता अभियान चलाया गया। उन्होंने महिलाओं से कहा कि बेटा बेटी में फर्क न करें।

दोनों को शिक्षित अवश्य करें। बिना डरे छात्राओं को विद्यालय व कोचिंग के लिए भेजें। इस अवसर पर उप निरीक्षक सैयद खादिम सज्जाद, सुनील पाल, श्रवण कुमार वर्मा, अरुण कुमार गुप्ता, लक्ष्मण चौधरी सहित तमाम पुलिस के लोग मौजूद थे।



थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में लोगों को जानकारी देती महिला पुलिस टीम।

हिन्दुस्त

# अधिवक्ताओं ने बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई

## बैठक

उतरौला, संवाददाता। अधिवक्ता-लेखपाल विवाद का समाधान न निकलने पर अधिवक्ताओं ने बैठक कर व्यापक आंदोलन की रणनीति तय की है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने कहा कि लेखपाल व अधिवक्ताओं के बीच का विवाद एसडीएम की उदासीनता के कारण शांत नहीं हो पा रहा है।

अगर अगले दो दिनों में मामले का समाधान नहीं निकलता है तो अधिवक्ता संघ एसडीएम के खिलाफ भी आंदोलित हो जाएगा। सात मई को अधिवक्ता व लेखपालों के बीच हुए विवाद के बाद अधिवक्ता बृजेश कुमार की तहरीर पर दस नामजद व अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।

मुकदमे को समाप्त करने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने लगभग 45 दिनों तक कार्य बहिष्कार किया था। एसडीएम के आश्वासन के बाद अधिवक्ता काम पर लौट आए थे। इसी बीच शनिवार को लेखपाल संघ की आपात बैठक में निर्णय लिया गया कि दर्ज रिपोर्ट के आधार पर अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता तो 23 जुलाई को होने वाले थाना समाधान दिवस का पूर्ण रूप से तहसील के सभी थानों में बहिष्कार किया जाएगा।

समाधान दिवस के बहिष्कार की सूचना के बाद अधिवक्ता भी आंदोलित हो गए। पूरे गतिरोध के लिए एसडीएम को जिम्मेदार बताते हुए दो दिन बाद आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महामंत्री अखिलेश सिंह, प्रवीण कुमार, आलोक गुप्त, वैभव चतुर्वेदी, रवि मिश्र, प्रेमचंद्र सोनी, धर्मेश तिवारी, नसीम अहमद, व्यासमुनि पांडेय समेत अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। एसडीएम संतोष ओझा ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि वह पूरी संवेदनशीलता से मामले के समाधान का प्रयास कर रहे हैं। वादी लेखपाल ने मुकदमा वापस लेने के संबंध में अभी कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है।

हिन्दुस्त

# अनियंत्रित स्कार्पियो की ठोकर से अधेड़ की मौत

ललिया। ग्राम पंचायत मथुरा के मजरे बहनन पुरवा निवासी आंधी साहू पुत्र शिव नंदन खरीदारी करने गया था। सोमवार देर शाम वह मथुरा बाजार से गृहस्थी का सामान खरीद कर अपने घर जा रहा था। मथुरा चौराहे के पास एक अनियंत्रित स्कार्पियो ने उसे सामने से ठोकर मार दी, जिसमें आंधी साहू गंभीर रूप से घायल हो गये। इलाज के लिए उसे संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मथुरा बाजार चौकी प्रभारी किसलय मिश्रा ने बताया कि घायल को इलाज के लिए संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान देर रात आंधी की मौत हो गई है। थाना निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया मृतक की पत्नी माया देवी की तहरीर पर वाहन चालक जुम्मन निवासी मथुरा बाजार के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है।

हिन्दु

# रेलवे ट्रेक पर मिला युवक का शव

महराजगंज तराई। बिलासपुर निवासी
रामदयाल ने बताया कि उनका 28
वर्षीय पुत्र पंकज कुमार का दिमाग
संतुलन सही नहीं है। सोमवार शाम
सात बजे घर से कहीं चला गया था।

परिजनों से काफी खोजबीन की लेकिन
पता नहीं चलाद्ध मंगलवार सुबह जंगली
रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश मिलने पर
पंकज की पहचान की गई। थाना प्रभारी
अशोक सिंह ने बताया कि लाश को
पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है
मामले की छानबीन की जा रही है।

# आज जिले में रहेंगे अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार बुधवार को दो दिवसीय भ्रमण पर जिले में रहेंगे। वह वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लेंगे। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक कोतवाली जरवा का वार्षिक निरीक्षण व एसएसबी जवानों के साथ भारत नेपाल सीमा का भ्रमण करेंगे। साथ ही सीमावर्ती गांव के प्रधान, शस्त्र धारक व प्रबुद्धजनों के साथ आपरेशन कवच के तहत गोष्ठी कर जानकारी लेंगे। पुलिस कार्यालय में शाम पांच बजे गोष्ठी का आयोजन होगा।

# मिलावटखोर को 10 साल का कारावास

**संसू, बलरामपुर** : अपर सत्र न्यायाधीश जहेंद्र पाल सिंह ने शराब में मिलावट करने के मामले में अभियुक्त को 10 साल कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से दंडित किया है।

अपर शासकीय अधिवक्ता रणधीर सिंह ने बताया कि दो अप्रैल 2009 में सादुल्लाहनगर के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ने अवैध बरामद करके शराब में मिलावट पाए जाने पर गुज्जारपुरवा निवासी दिनेश कुमार वर्मा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बचाव पक्ष से कहा गया कि पुलिस ने क्राइम ड्राइव के तहत गलत मुकदमा पंजीकृत कर फंसा दिया है। न्यायाधीश ने अभियुक्त को 10 साल कठोर कारावास व 50 हजार अर्थदंड लगाया है।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 20-07-2022

हिन्दुस्तान

# चार मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया

बहराइच। दरगाह के अनारकली रेलवे क्रासिंग के पास दरगाह थाने की सालारगंज पुलिस चौकी प्रभारी ने चार शातिर मोबाइल चोरों को धर दबोचा। उनके पास से चोरी के मोबाइल, असलहा व चाकू बरामद हुआ है।

एसएसपी केशव कुमार चौधरी ने बताया कि दरगाह थाने की सालारगंज पुलिस चौकी प्रभारी नितिन उपाध्याय, उपनिरीक्षक दीवान असलम, सिपाही राम ललित, संदीप मंगलवार को दोपहर में गश्त पर अनारकली रेलवे क्रासिंग की ओर से निकल रहे थे। इसी दौरान चार संदिग्ध पुलिस को देख भागने लगे। घेराबंदी कर चारों युवकों को पकड़ा गया। तलाशी में उनके पास से 18 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

एक तमंचा 12 बोर, एक कारतूस, एक चाकू बरामद किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सभी मोबाइल चोरी के हैं। इन चारों लोगों की पहचान दरगाह थाने के गुल्लावीर कालोनी निवासी चांद, अमित कुमार उर्फ सोनू, सूफियान, अलज्जैद के रूप में हुई।

हिन्दुस्तान

# करंट से दो मौत मामले में तीसरे दिन हुई एफआईआर

**बहराइच, संवाददाता।** बिजली महकमे की लापरवाही से झूलती हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर नरैनापुर में किशोर सहित दो की मौत हो गई थी। इस मामले में मंगलवार को पीड़िता मां की तहरीर पर थाने में केस दर्ज किया गया है।

रिसिया थाने के मकोलिया के मजरे नरैनापुर निवासिनी मरियम पत्नी समीउल्ला की तहरीर पर मंगलवार को उसके बेटे इश्तियाक व देवर मुकीम के बेटे हामिद की रविवार को हाईटेंशन लाइन के करंट से मौत हो गई थी। इस मामले में लापरवाही से मौत की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता ने इस मामले में शिकायतों के बावजूद ढीले हाईटेंशन लाइन के तारों को दुरुस्त न करने से लापरवाही से हुई मौत करार दिया है। किसी को नामजद नहीं कराया गया है। इस संबंध में एसओ रिसिया इंद्रजीत यादव ने बताया कि पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। किसी को नामजद नहीं कराया गया है।


रिसिया के नरैनापुर में हादसे के तीसरे दिन बाद लाइन दुरुस्त करते श्रमिक

**तीन वर्षों से करंट से होती रही हैं घटनाएं : बहराइच।** रिसिया के नरैनापुर में भूमि से पांच छह फुट ऊंचाई पर झूल रही हाईटेंशन लाइन एक दो महीने में ढीली नहीं हुई थी। लगभग तीन वर्ष से ढीली होने व कसने का खेल चल रहा था।

तीन वर्ष पूर्व यूकिलिप्टस के पेड़ों में हाईटेंशन लाइन की चिनगारी से आग लगी थी। तब दो सांप, दो कुत्ते मरे थे। इसके दो माह बाद पांच बकरियों की झुलस कर मौत हो गई थी। दो वर्ष पूर्व टाटा 207 में आग लग गई थी। इसके कुछ समय बाद एक बैल की भी झुलस कर मौत हो गई थी। रविवार को हुए हादसे ने तो पूरे जिले को हिला दिया है।

**छह गांवों की गुल है बिजली : बहराइच।** रविवार को हुए हादसे के बाद लगभग छह गावों की बिजली गुल है। मकोलिया व अन्य गांवों में नरैनापुर से ही चारों ओर हाईटेंशन लाइन जाती है।

पुरा, तुरहनी रज्जब, रमना, बनकटवा, मकोलिया, नरैनापुर में रविवार दोपहर से बत्ती गुल है। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे के बाद से बिजली महकमे का कोई भी अफसर कर्मी नहीं आया है। मंगलवार शाम कुछ श्रमिकों को भेजा है, जो खंभे व लाइन आदि दुरुस्त कर रहे हैं।

## अपहृत युवती बरामद, मुकदमा

**संसू, रिसिया :** युवती को एक युवक भगा ले गया। स्वजन ने सूचना पुलिस को दी। मंगलवार को भोपतपुर चौकी के पास मटेरा जाने वाले मार्ग पर युवती को पुलिस ने बरामद कर लिया। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। युवती के पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। **महसी** : हरदी एसओ अनूपमणि त्रिपाठी ने बताया कि एक व्यक्ति ने युवक पर बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाया। युवती को बरामद कर लिया गया है।



# नहाते समय डूबे युवक का शव बरामद

**संसू, बिछिया :** चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज पर मंगलवार की शाम गेट संख्या 25 पर कर्मचारियों ने शव उतराता देखा। एसआइ शैलेंद्र कुमार यादव ने टीम के साथ पहुंचकर शव नदी से बाहर निकलवाया।

मृतक की पहचान 23 वर्षीय दुर्गा वर्मा निवासी बांके गांव थाना जीपरका जिला बांके के रूप में हुई है। शव नेपाल के राजापुर थाना के इंस्पेक्टर जय नेपाल थापा के सिपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि युवक की गुमशुदगी थाने में दर्ज थी।

**युवक का शव बरामद -संसू, जरवल रोड :** श्मशान के निकट 28 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। मृतक के हाथ में अंग्रेजी में सुरेश लिखा है। उसके हाथ व चेहरे पर चोट के निशान हैं। थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि शिनाख्त नहीं हो पाई है।

गुदगुदाएंगे और हृदय की कोमल बहराइच-लखनऊ हाईवे स्थित रिसार्ट में शाम सात बजे आयोजित

# पंचायत उपचुनाव के लिए नामांकन आज

## कल होगी जांच चार अगस्त को पड़ेंगे वोट पांच को होगी मतगणना

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** त्रिस्तरीय पंचायत के रिक्त 52 पदों के लिए बुधवार को ब्लाकों पर नामांकन होगा। चार अगस्त को मतदान होगा। तीन ग्राम प्रधान व तीन बीडीसी के साथ 46 पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन व सहायक निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती डीएम ने कर दी है।




पंचायत उपचुनाव के तहत ब्लाक हुजूरपुर में बसंतपुर, मिहींपुरवा में लालबोझा तथा कैसरगंज में ग्राम पंचायत नकौड़ा में ग्राम प्रधान के पदों के लिए निर्वाचन होगा। इसी तरह से रिसिया में अलीनगर खुर्द, हुसैनीपुरवा व चित्तौरा में नगरौर द्वितीय में क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए चुनाव होगा। 12 ब्लाकों में रिक्त 46 ग्राम पंचायत सदस्य के पदों के लिए भी वोट पड़ेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि ब्लाकों पर 20 जुलाई को सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक नामांकन किए जा सकेंगे। 21 जुलाई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 22 जुलाई को चुनाव चिह्न का आवंटन कर दिया जाएगा। पांच अगस्त को मतगणना ब्लाकों पर होगी।

## तीन सौ झोले बांटकर प्लास्टिक छोड़ने का आह्वान पीएम आवास न बनवाने

## वाहन चेकिंग अभियान

**शहर के मुख्य चौक-चौराहों** पर यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। अभियान का शुभारंभ सुबह 10.00 बजे से होगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एंटी रोमियो अभियान

**विकास नगर :** सुबह 10.00 बजे : शहर के मुख्य चौक-चौराहों व कालेजों में पुलिस विभाग द्वारा एंटी रोमियो अभियान चलाया जाएगा।

## जनता दर्शन

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सुबह 10.00 बजे से जनता दर्शन का आयोजन होगा।

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2022

# जिलापूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक पर मुकदमा दर्ज

**श्रावस्ती, संवाददाता।** एक व्यक्ति की शिकायत पर जिलापूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया। यह मामला सीजेएम के आदेश पर दर्ज किया गया।

कोतवाली क्षेत्र भिनगा के ग्राम भिट्ठी निवासी मारकंडेय मिश्रा पुत्र दिवाकर मिश्रा की शिकायत पर सीजेएम के आदेश पर जिलापूर्ति अधिकारी दीपक कुमार वाष्र्णेय व पूर्ति निरीक्षक के विरुद्ध अभद्रता करने व धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पीड़ित मारकंडेय की पत्नी ममता मिश्रा पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारक है। कार्ड में पति के नाम के स्थान पर ससुर का नाम अंकित था। पीड़ित का आरोप है कि वह नाम शुद्ध कराने के लिए बीते छह महीने से दौड़ भाग कर रहा है। कई बार वह जिलापूर्ति अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक के दफ्तर का चक्कर लगाता रहा। 30 मई 2022 को वह जिलापूर्ति अधिकारी से मिलने उनके दफ्तर गया था। शिकायत करने पर दोनों अधिकारियों ने उसके साथ अभद्रता की और जेल भिजवाने की धमकी देकर कार्यालय से भगा दिया। इससे क्षुब्ध होकर पीड़ित ने कोतवाली भिनगा में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन यहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने पुलिस अधीक्षक को भी शिकायती पत्र दिया यहां भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय में मामला दर्ज करवाया।

# दुकानों में सीसीटीवी कैमरा ठीक रखें: पुलिस अधीक्षक

**श्रावस्ती, संवाददाता।** व्यापारियों की समस्या को सुनने व उनके समाधान के लिए पुलिस कार्यालय में मंगलवार को एसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर न सिर्फ व्यापारियों से उनके सुझाव जाने। बल्कि उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

पुलिस कार्यालय में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था व उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए उनके साथ बैठक की। इसमें सबसे पहले एसपी ने बैठक में मौजूद व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान व्यापारियों ने कस्बों में लगने वाले जाम व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस पर पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को पुलिस विभाग की तरफ से पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। साथ ही व्यापारियों से दुकानों की सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगवाने व उनकी समय-समय पर जांच करवाने की बात कही। पुलिस अधीक्षक की ओर से यह भी बताया गया कि यदि किसी को भी इमरजेंसी सहायता (जैसे पुलिस, स्वास्थ्य, आग आदि) की आवश्यकता प्रतीत होती है तो अविलम्ब 112 नंबर डायल करें।

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो धरे गए

श्रावस्ती। पुलिस ने 20 लीटर कच्ची शराब बरामद कर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। सोमवार शाम को थाना इकौना पुलिस क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने तेजाराम पुत्र समोखन व परशुराम पुत्र राजित राम निवासीगण भयापुरवा थाना इकौना के कब्जे से क्रमशः 10-10 लीटर (कुल 20 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद किया।

# तीन अपराधियों पर हुई गैंगेस्टर की कार्रवाई

श्रावस्ती। थाना मल्हीपुर पुलिस की ओर से मंगलवार को तीन शातिर अपराधी छब्बू खां पुत्र मनसब खां निवासी बनकटवा महोली, नियामत अली उर्फ चैतू पुत्र सकरु खां व सद्दाम उर्फ सद्दन खां पुत्र मोहम्मद उमर निवासी चौरीकुटिया थाना मल्हीपुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गयी। पुलिस के अनुसार इनका एक संगठित गिरोह है जिसका लीडर छब्बू है।

# दहेज लोभी सास व ननद को 10 वर्ष कारावास

**जासं, श्रावस्ती :** दहेज के लिए विवाहिता को जहर देकर मार डालने वाली सास व ननद को अपर सत्र न्यायाधीश अजय कुमार सिंह ने 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 60 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पंकज देव गुप्त ने बताया कि भिनगा क्षेत्र के बंठिवा गांव निवासी अकबाल ने अपनी बहन पतरका का विवाह सिरसिया क्षेत्र के केशवापुर निवासी रिजवान के साथ आठ मई 2006 को किया था। शादी के बाद से ही दहेज में एक लाख रुपये, बाइक व रंगीन टीवी की मांग ससुराल के लोग करने लगे। मांग पूरी न होने पर 15 फरवरी 2010 की रात विवाहिता को मारापीटा। जहर देकर उसकी हत्या कर दी। मृतका के भाई की तहरीर पर सिरसिया थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले

## अदालत से

का विचारण अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय 14वां वित्त आयोग अजय कुमार सिंह के कोर्ट पर हुआ। सास हाजिरा व ननद हासिरा को दोषसिद्ध करार देते हुए सजा सुनाई गई है।



**शिकायतें सुनीं – श्रावस्ती :** एसपी अरविंद कुमार मौर्य ने जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनी। इस दौरान कुल 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। उन्होंने शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए। (वि.)

दिया है। संवाद

# 20 लीटर कच्ची शराब के साथ दो धरे

**इकौना (श्रावस्ती)।** इकौना पुलिस ने सोमवार रात क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान भयापुरवा गांव से दो लोगों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से पुलिस ने 10-10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवकों की पहचान गांव निवासी तेजाराम व परशुराम के रूप में हुई। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया है। संवाद

# 31 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस द्वारा मंगलवार विभिन्न बैरियर व चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 31 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान कर 57,500 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। बता दें कि जिले में इस समय यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चेकिंग अभियान चल रहा है। संवाद

# सीसीटीवी कैमरे दुरुस्त कराएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में मंगलवार को एसपी ने व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एसपी ने व्यापारियों को सुरक्षा से संबंधित टिप्स बताए। वहीं व्यापारियों की समस्याओं को सुन उसका निराकरण करने के लिए संबंधितों को निर्देश भी दिया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहाकि पुलिस आपकी सुरक्षा व सहयोग के लिए है। लेकिन आपकी भी जिम्मेदारी बनती है कि सभी सराफा व्यापारी, पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी व भट्ठा मालिक अपने यहां काम करने वाले गार्ड व चौकीदार का पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें। साथ ही दुकानों व प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे आदि की भी समुचित व्यवस्था कर लें। पुराने कैमरों की जांच कराते रहे।

मोहर्रम व रक्षाबंधन का त्योहार है। ऐसे में बाजार व दुकानों में काफी भीड़ होगी। इसलिए सभी लोग सीसीटीवी अवश्य लगवा लें। किसी कारणवश यदि किसी का सीसीटीवी काम न कर रहे हों तो उनकी तत्काल दुरुस्त करवा लें। दुकानों पर अनावश्यक भीड़ एकत्र न करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें या डायल 112 करें। इस दौरान सीओ सिटी अतुल कुमार चौबे, प्रभारी निरीक्षक यूपी 112 ज्ञानेंद्र पांडे, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष पांडे आदि मौजूद रहे। संवाद

# जेठ ने मासूम सहित महिला को नहर में फेंका, केस दर्ज



मासूम की तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** सिरसिया के डोमाई गांव स्थित राप्ती योजक नहर में सोमवार देर शाम एक महिला बहती दिखी। इसे नहर पर तैनात चौकीदार ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उसके साथ मौजूद मासूम की तलाश जारी है। महिला के अनुसार मासूम सहित उसे उसके जेठ ने नहर में फेंका था। सूचना पर पहुंची सिरसिया पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम डोमाई के पास से होकर मुख्य राप्ती योजक नहर गुजरती है। इसमें सोमवार शाम नहर किनारे खेल रहे कुछ बच्चों को एक महिला बहती दिखाई पड़ई। बच्चों के शोर मचाने पर समीप स्थित नहर चौकी पर मौजूद चौकीदार ने नहर में छलांग लगाकर महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

पूछताछ पर महिला की पहचान डोमाई गांव निवासिनी रेनू देवी पुत्री राम फकीरे के रूप में हुई। रेनू ने बताया कि उसके साथ उसका मासूम बेटा भी था। मां बेटे को उसका जेठ राम उग्गर पुत्र सुकई निवासी पारावन कोतवाली भिनगा मायके छोड़ने जा रहा था। गांव के पास पहुंचते ही जेठ ने उसे बच्चे सहित नहर में धकेल दिया।

## महिला को चौकीदार ने बचाया, मासूम की तलाश जारी

इससे मासूम के पानी में डूब जो की आशंका है। पीड़िता को नहर से निकाले जाने के बाद स्थानीय लोगों उसके पिता राम फकीरे को भी मौके पर बुलाया गया। लेकिन बेटी से नाराज पिता राम फकीरे ने रेनू को पहचानने तक से इनकार कर दिया।

सूचना के बाद पहुंचे सिरसिया थाना प्रभारी पंकज कुमार द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से मासूम की तलाश कराई गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। इस पर खोजबीन के लिए एनडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया है। एनडीआरएफ टीम द्वारा नहर में मासूम की तलाश की जा रही है।

इस बीच बलरामपुर जिले के थाना ललिया अंतर्गत उदारहिया गांव के पास नहर से एक बच्चे का शव मिलने की जानकारी प्राप्त हुई। इसके बाद महिला पुलिस के साथ रेनू को बच्चे के शव की शिनाख्त के लिए ललिया थाना भेजा गया है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि इस मामले में पीड़ित महिला की तहरीर पर उसके जेठ के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# दहेज हत्या के मामले में सास व ननद को दस साल की जेल

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के केशवपुर गांव निवासिनी एक विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) कोर्ट ने सास व ननद को दस साल की जेल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर साठ हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इस मामले में आरोपी पति के नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड को स्थानांतरित कर दिया गया। यह जानकारी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज देव गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया भिनगा कोतवाली क्षेत्र के बंठिहिवा निवासी अकबाल पुत्र ईदू ने अपनी बहन पतरका उर्फ महरूनिंशा का निकाह 18 मई 2006 को सिरसिया थाना क्षेत्र के केशवपुर निवासी रिजवान पुत्र रियासत के साथ किया था। महरूनिंशा की 17 फरवरी 2010 को दहेज न देने पर हत्या कर दी गई थी।

इस मामले में मृतका के भाई अकबाल की तहरीर पर सिरसिया पुलिस ने सास हाजिरा, ननद हासिरा व पति रिजवान के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। इसके विचारण के बाद मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश (चौदहवां वित्त आयोग) अजय सिंह ने आरोपी सास व ननद को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए दस साल के कारावास व साठ हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनायी। जबकि पति रिजवान के नाबालिग होने के कारण उसका मामला किशोर न्याय बोर्ड स्थानांतरित कर दिया। अर्थदंड न चुकाने पर सास व ननद को दो वर्ष अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगी। दोनों ही दोषियों को पुलिस अभिरक्षा में जिला कारागार बहराइच भेजा गया है। संवाद

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। सोनवा पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान गोपालसराय निवासी अतीक अहमद को गिरफ्तार किया। जिसके पास से पुलिस ने एक चाकू बरामद किया। संवाद